रोहतक
शनिवार, 23 मार्च 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 56
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 31.4
न्यून. 17.2

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

शहीद दिवस आज



## ईडी ने दिल्ली के सीएम को कोर्ट में पेश कर 28 तक रिमांड पर लिया

# केजरी शराब घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता, पूछताछ जरूरी

**पीएमएलए कोर्ट में तीन घंटे तक चली सुनवाई, केजरीवाल पर सबूत मिटाने के आरोप, फोन तोड़े**

### एजेंसी को 45 करोड़ गोवा चुनाव में भेजे जाने का शक, आप का देशभर में प्रदर्शन

एजेंसी/भाषा ▸▸ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति घोटाला मामले में शुक्रवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने केजरीवाल को 28 मार्च तक यानी 6 दिन की रिमांड पर ईडी को सौंप दिया। ईडी ने कोर्ट में कहा कि शराब घोटाले के मामले में केजरीवाल अन्य मंत्रियों और आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ 'मुख्य साजिशकर्ता' हैं। कई बड़े लेनदेन का पता लगाना है इसलिए केजरीवाल को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर जरूरी है। बता दें कि केजरीवाल को शुक्रवार दोपहर 2 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई दोपहर 2.15 बजे शुरू होकर शाम 5.15 बजे तक चली। ईडी ने केजरीवाल का 10 दिन का रिमांड मांगा। साथ ही सीएम को घोटाले का मास्टरमाइंड बताया। ईडी ने दावा किया कि इस केस से जुड़े कई सारे इलेक्ट्रॉनिक सबूत मिटाए गए हैं। कई फोन तोड़े गए हैं। केजरीवाल दिल्ली शराब नीति को बनाने में सीधे तौर पर शामिल थे। दो बार कैश ट्रांसफर किया गया। पहले 10 करोड़ और फिर 15 करोड़ रुपये दिए गए। केजरीवाल पंजाब व गोवा चुनाव के लिए फंडिंग चाहते थे। गोवा चुनाव में 45 करोड़ का इस्तेमाल हुआ। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ईडी के पास सब कुछ है, तो गिरफ्तारी की जरूरत क्यों पड़ी। *(पेज 7 भी देखें)*



### इन्होंने रखी दलीलें

**एएसजी:** ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) राजू ने दलीलें रखीं।
**सिंघवी:** केजरीवाल की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी, विक्रम चौधरी और रमेश गुप्ता ने दलीलें रखीं।
**विपक्ष** के नेताओं ने चुनाव आयोग से मुलाकात की। केजरीवाल को 21 मार्च को सीएम हाउस से गिरफ्तार किया गया था।

### केजरी को कई करोड़ मिले

ईडी ने राउज एवेन्यू अदालत में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा से कहा कि केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 बनाने और उसे लागू करने के लिए 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के तौर पर कई करोड़ रुपये प्राप्त हुए। एएसजी ने अदालत में कहा कि केजरीवाल ने पंजाब चुनाव लड़ने के लिए 'साउथ ग्रुप' के कुछ आरोपियों से 100 करोड़ रुपये मांगे थे। धन के लेनदेन से पता चला कि गोवा चुनाव में इस्तेमाल की गई 45 करोड़ रुपये की 'रिश्वत' चार हवाला मार्गों से आई थी। राजू ने कहा कि कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) से आरोपियों और गवाहों के बयानों की पुष्टि हुई है।

### कुरुक्षेत्र में आप का प्रदर्शन, झड़प में कई कार्यकर्ता व पुलिसकर्मी घायल

**कुरुक्षेत्र।** केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद सियासी घमासान मच गया। हरियाणा-पंजाब में आप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। हरियाणा-चंडीगढ़ बॉर्डर पर आप कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच टकराव हुआ। इस टकराव में आप नेताओं के साथ पुलिस कर्मचारी भी घायल हुए। कई नेताओं के सिर से खून बहता दिखा। आप कार्यकर्ता कुरुक्षेत्र में सीएम नायब सैनी के आवास का घेराव करने पहुंचे। यहां पहले से तैनात पुलिस ने उन्हें रोक लिया। माहौल बिगड़ने पर पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। आप नेता अनुराग ढांडा के सिर में चोट लगी है। वहीं, सुशील गुप्ता भी घायल है। दोनों नेताओं को अस्पताल ले जाया गया। करीब 40 कार्यकर्ता भी घायल हुए हैं। इस टकराव में डीएसपी रामकुमार समेत कई पुलिसकर्मियों को भी चोट आई हैं।

### बीआरएस नेता कविता को जमानत नहीं



सुप्रीम कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता को जमानत देने से इनकार कर दिया, जिन्हें दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में ईडी ने ने गिरफ्तार किया है। पीठ ने जमानत के लिए कविता से निचली अदालत में जाने को कहा।

### आप व्यक्ति नहीं कंपनी

एएसजी ने कहा कि 'आप' एक व्यक्ति नहीं बल्कि 'कंपनी' है और 'कंपनी' के आचरण के लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

### यह बोले सिंघवी

वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार है कि किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी की शक्ति, गिरफ्तारी की आवश्यकता के समतुल्य नहीं है और केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने की आवश्यकता नहीं थी।

### उसके कर्मों का नतीजा



केजरीवाल की गिरफ्तारी उसके कर्मों का नतीजा है। उसके हाल पर मुझे कोई दुःख नहीं होता। मैंने उन्हें शराब पर नीति बनाने से रोका था, लेकिन वे नहीं माने। - *अण्णा हजारे*

## भूटान के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से नवाजे गए मोदी



**थिंपू (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पाने वाले वह किसी विदेशी सरकार के पहले प्रमुख हैं। मोदी को यह पुरस्कार 'भारत-भूटान संबंधों के विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान और भूटानी राष्ट्र तथा इसके लोगों के वास्ते उनकी विशिष्ट सेवा' के लिए प्रदान किया है। पुरस्कार मिलने के बाद मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भूटान द्वारा 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' पुरस्कार दिए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित करता हूं।' **(पैकेज पेज 10 पर)**

**यह सम्मान पाने वाले किसी विदेशी सरकार के पहले प्रमुख**

### वांगचुक ने किया पीएम मोदी का भव्य स्वागत

भूटान के राजा जिग्मे खेसर नाम्ग्याल वांगचुक ने प्रधानमंत्री मोदी का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया। इसके बाद उन्हें 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया। इस सम्मान की घोषणा भूटान के राजा ने 17 दिसंबर, 2021 को 114वें राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान की थी।

### क्रोकस सिटी हाल में घुसे 5 हमलावर, दागीं गोलियां

## मास्को में आतंकवादी हमला, 40 की मौत, 100 से ज्यादा घायल

एजेंसी ▸▸ मास्को




- बचाव दल ने 100 से अधिक लोगों को रेस्क्यू किया
- हमलावरों ने हॉल में धमाके भी किए जिससे आग लगी

रूस की राजधानी मॉस्को में शुक्रवार शाम को बड़ा आतंकी हमला हुआ है। क्रास्नोगोर्स्क एरिया में मौजूद क्रोकस सिटी हॉल में सेना के जैसी वर्दी पहने हुए 5 लोगों दाखिल हुए। उन्होंने हॉल में मौजूद सैकड़ों लोगों पर ऑटोमेटिक हथियारों से अंधाधुंध गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। रूसी समाचार एजेंसी 112 के मुताबिक, इस घटना में 40 लोगों की मौत हो गई।, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, इसमें नजर आ रहा है कि आतंकी लोगों को गोलियां मार रहे हैं। घबराए लोग अपनी जान बचाने के लिए छुप रहे हैं। गोलीबारी के बाद हमलावरों ने हॉल में एक्सप्लोसिव से धमाके किए, जिससे हॉल में आग लग गई। जान बचाने के लिए लोग हॉल के बेसमेंट में जा छिपे थे। इमरजेंसी सर्विसेज ने वहां से 100 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया है। अफसरों के अनुसार जब हमला हुआ उस समय एक म्यूजिक कॉन्सर्ट चल रहा था, तभी आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी।

भुगतान का सबसे अच्छा तरीका...
आज ही डिजिटल बनें!

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ



तुरंत और आसान प्रीमियम लेनदेन

एलआईसी कस्टमर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन

www.licindia.in : इनके लिए सेवाएँ उपलब्ध हैं – नवीनीकरण प्रीमियम का ऑनलाइन भुगतान, अग्रिम प्रीमियम, ऋण पर ब्याज और ऋण का पुनर्भुगतान – इंटरनेट बैंकिंग; डेबिट और क्रेडिट कार्ड्स; भीम यूपीआई के माध्यम से।

मोबाइल एप्लिकेशन

अपनी एलआईसी प्रीमियम का भुगतान डिजिटल रूप से एलआईसी के मोबाइल एप ''एलआईसी डिजिटल'' के माध्यम से और इंटीग्रेटेड बीबीपीएस प्लेटफॉर्म के माध्यम भीम, क्रेड, गूगल पे, एमेज़ॉन पे, फोनपे, पेटीएम, टाटा न्यू, फ्री चार्ज, मोबिक्विक, अन्य मोबाइल एप्स और संग्रहण इकाईयों के उपयोग से करें।
बीबीपीएस पेमेंट्स, बिलडेस्क द्वारा संचालित।


LIC/P1/2023-24/26/HIN

अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें | IRDAI Regn No.: 512

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever

नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें। आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के निवेश जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है। ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएँ।
बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें।



## खबर संक्षेप

### ऊर्जा संरक्षण अधिनियम पर हुआ कार्यक्रम

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित होटल शिवालिक व्यू में उत्तरी क्षेत्र के लिए ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों का कार्यान्वयन विषय पर आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफलता पूर्वक समापन किया गया। यह कार्यक्रम विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) कॉर्पोरेट कार्यालय फ़रीदाबाद के सहयोग से किया गया।

### पंचकूला में कबड्डी महाकुंभ कल

**पंचकूला।** 24 मार्च को हिप्सा व वर्ल्ड कबड्डी की ओर से पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले कबड्डी महा कुंभ में पूरे देश भर से खिलाड़ी पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कबड्डी महाकुंभ के आयोजन के मीडिया कोऑर्डिनेटर दीपक शर्मा ने खेल प्रेमियों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आह्वान किया है।

### ग्रामीणों को एनीमिया के प्रति किया जागरूक

**पंचकूला।** गांव सबिलपुर, मोरनी में लोगों को जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सविता नेहरा की अध्यक्षता में जिला संयोजक मीनू सिंह द्वारा पोषण के बारे में जागरूक किया गया। कार्यकर्म में एनीमिया के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी दी गयी जिसके तहत एनीमिया के कारण , लक्षण, उसे रोकने व उससे बचने के उपायों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी। सभी को सुबह का पोषण से भरा नाश्ता, हरी, पत्ते दार सब्जियां, खट्टे,फल जिनसे हमे विटामिन सी भरपूर मात्रा में मिलता है की महता के बारे में अवगत करवाया।

### कटारिया ने जनसंपर्क अभियान किया शुरू


**पंचकूला।** अंबाला लोकसभा से प्रत्याशी बंतो कटारिया ने अपना चुनाव अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को कटारिया क्षेत्र में ज़िला पंचकूला के मौजिज लोगों के घर गईं और उनके साथ बैठकर चाय पर मोदी सरकार और नायब सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान बंतो कटारिया ने कहा कि पूर्व सांसद रतन लाल कटारिया के अंबाला लोकसभा के लिए कूछ सपने अधूरे रह गए हैं जिन्हें पूरा करना है साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### कामधेनु गोशाला में मना होली मिलन समारोह

**चंडीगढ़/ गुरुग्राम।** गुरुग्राम की कार्टरपुरी स्थित कामधेनु गोशाला में श्री चेतनदास गोसंवर्धन एवं हिन्दू आध्यामिक सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन और औषधीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भारत विकास परिषद, पेड़ पंचायत संस्था, गंतव्य संस्थान, पटनायक इंडिया फाउंडेशन, जीव सेवा सहित अन्य संगठनों ने हिस्सा लिया।

# पूर्व गृहमंत्री विज से मिले मुख्यमंत्री नायब सैनी, 40 मिनट तक चर्चा

## विज ने गर्मजोशी से किया स्वागत, मुख्यमंत्री ने लिया आशीर्वाद



अंबाला। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज के साथ बैठे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।



अंबाला। सिख संगत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सम्मान किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

राज्य सरकार से नाराज चल रहे पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से सीएम नायब सिंह सैनी ने उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान विज ने सीएम का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। दोनों ने एक दूसरे को शॉल ओढाकर रिश्तों पर जमीं बर्फ को पिघालने का प्रयास किया। करीब 40 मिनट की इस मुलाकात के दौरान सीएम नायब सिंह सैनी ने विज की जमकर तारीफ की। उनके पांव छूकर आशीर्वाद भी लिया। सीएम से मुलाकात के बाद विज ने पत्रकारों से बातचीत में हंसते हुए कहा कि मुलाकात हुई, कुछ बात हुई। उन्होंने कहा कि वे सरकार से नाराज नहीं हैं। मैं पहले भी कह चुका हूं कि मैं कभी नाराज नहीं होता। मैं भारतीय जनता पार्टी का अनन्य भगत हूं। इस तरह की बात को मैं दिल से नहीं लगाता हूं। उधर सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि अनिल विज हमारे वरिष्ठ नेता हैं। जब मैं यहां पार्टी का जिला अध्यक्ष था तब भी विज साहब का आशीर्वाद मिलता रहा है। फिर पार्टी का अध्यक्ष बना तब भी आशीर्वाद मिला। अब पार्टी ने सीएम की जिम्मेदारी दी है तो अब भी उनका आशीर्वाद लेने के लिए आया हूं।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में उन्हें प्रदेश की सभी 10 सीटें जीतनी हैं। जो कार्य हमारे पीएम नरेंद्र मोदी और पूर्व सीएम मनोहर लाल ने किए हैं उन सब कामों को भी आगे बढ़ाना है। बता दें कि बीते रोज ही सीएम नायब सैनी ने कहा था कि वह अनिल विज के घर जाएंगे और चाय पिएंगे। साथ में आशीर्वाद लेंगे। सीएम ने कहा था कि अनिल विज नाराज नहीं हैं। वह हमारे वरिष्ठ नेता हैं, उनका मार्गदर्शन मिलता है। उनका आशीर्वाद पहले भी था, अब भी है।

मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद नायब सिंह सैनी मंगलवार को अंबाला से होकर निकले थे। तब उम्मीद थी कि वे पूर्व गृहमंत्री अनिल विज से मुलाकात करेंगे। पर ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद सरकार से पूर्व गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की नाराजगी की लगातार सुर्खियां बन रही थी। अब सीएम ने उनसे मुलाकात कर काफी हद डैमेज कंट्रोल कर लिया है।

### सही मायनों में प्रजातंत्र अब ही हुआ जीवित : विज

**अंबाला।** पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाले मामले में गिरफ्तारी पर कहा कि सही मायनों में प्रजातंत्र अब ही जीवित हुआ है। सभी संस्थाएं बिना किसी प्रभाव के अपने दायित्व का निर्वाह कर रही है। विज ने कहा कि राहुल गांधी केजरीवाल की तरफ ईशारा करके बोल तो रहे हैं मगर इनके तीन आदमी जेल में हैं। कोर्ट इन्हें जमानत नहीं दे रही है। पुलिस माना गलती कर सकती है, मगर कोर्ट गलती नहीं करती तो कोर्ट ने जमानत क्यों नहीं दी? केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे के बयान पर पलटवार करते हुए विज ने कहा कि जो जांच एजेंसियां हैं उनके पास सबूत हैं। तथ्य कोर्ट के सामने रखे गए हैं। इनको अपनी बात कहने का मौका मिला है। खड्गे कैसे बोल सकते हैं, इन्होंने 1975 में क्या किया था जब इमरजेंसी लगाई थी, तब बिना दलील-अपील एक लाख से ज्यादा लोगों को अंदर कर दिया गया था।

■ पूर्व गृहमंत्री ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही बताया

# उम्मीदवार को अपना अलग बैंक खाता खुलवाना होगा

■ 29 अप्रैल को जारी होगी अधिसूचना, नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 6 मई

**चंडीगढ़।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतदान राज्य में छठे चरण में 25 मई, 2024 को होंगे। इसके लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 6 मई, 2024 है। इसके लिए रिटर्निंग अधिकारी नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि, स्थान, समय, नामांकन पत्रों की जांच, पत्र वापिस लेने की तिथि इत्यादि जानकारी सार्वजनिक करेंगे और सरकारी कार्यालयों में नोटिस भी चस्पा करेंगे।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ), सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम 4 लोगों को लाने की अनुमति होगी। साथ ही, आरओ तथा एआरओ कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहन लाने की अनुमति होगी।

अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनावों के लिए चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को अधिकतम 95 लाख रुपये चुनाव खर्च की अनुमति है। इसके लिए उम्मीदवारों को अलग से बैंक खाता खुलवाना होगा और चुनाव खत्म होने के एक माह के अंदर-अंदर आयोग को चुनाव खर्च का ब्यौरा देना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट 25 हजार रुपये है। अनुसूचित जाति व जनजाति के उम्मीदवारों के लिए यह राशि 12,500 रुपये है। सिक्योरिटी डिपॉजिट नकद या ट्रेजरी के माध्यम से ही स्वीकार्य होगी। चैक या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से इस राशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### अधिकतम 95 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे

अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनावों के लिए चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को अधिकतम 95 लाख रुपये चुनाव खर्च की अनुमति है। इसके लिए उम्मीदवारों को अलग से बैंक खाता खुलवाना होगा और चुनाव खत्म होने के एक माह के अंदर-अंदर आयोग को चुनाव खर्च का ब्यौरा देना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट 25 हजार रुपये है। अनुसूचित जाति व जनजाति के उम्मीदवारों के लिए यह राशि 12,500 रुपये है। सिक्योरिटी डिपॉजिट नकद या ट्रेजरी के माध्यम से ही स्वीकार्य होगी।

## गेहूं घोटाले के दोषी निरीक्षकों को पांच-पांच साल की सजा

**हिसार।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशांत शर्मा की अदालत ने वर्ष 2014 में हांसी में हुए गेहूं घोटाले के मामले में दोषी निरीक्षक विपिन कुमार और निरीक्षक जसवंत को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। दोषियों को 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। यहां बता दें कि निरीक्षक महेंद्र ढांडा ने इस केस मेें नाम आने के बाद सुसाइड कर लिया था। अदालत में चले मामले के अनुसार इस संबंध में हांसी शहर पुलिस ने 30 जून 2014 को जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक डा. घनश्याम शिकायत पर निरीक्षक जसवंत जाखड़, विपिन कुमार और महेंद्र ढांडा पर गबन का केस दर्ज किया था। इन तीनों पर लगभग 36 हजार 286 गेहूं के बैग, 235 गांठ, 8 हजार 995 वुडन स्टेंड कैरेट तथा 448 तिरपाल का गबन करने का आरोप था। यह मामला वर्ष 2012 से 2014 तक के गोलमाल से हुआ माना गया था। तीनों अधिकारी उस वक्त हांसी में कार्यरत थे। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार करके जांच की थी। इसी मामले में अदालत ने शुक्रवार को तीनों को सजा सुनाई है।

## राज्यपाल को श्री राम जन्मभूमि मंदिर की डाक टिकट और पुस्तकें की भेंट



**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से हरियाणा राजभवन में हरियाणा परिमंडल, अम्बाला के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल कर्नल एसएफएच रिजवी ने शिष्टाचार मुलाकात की और राज्यपाल को भारतीय डाक विभाग द्वारा श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या पर जारी की गई छह डाक टिकटों और पुस्तकों का एक सेट व्यक्तिगत रूप भेंट किया।कर्नल रिजवी ने दत्तात्रेय को बताया कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का शुभ अवसर राष्ट्र के लिए एक एतिहासिक दिन रहा। इस अवसर पर डाक विभाग ने इन छह डाक टिकटों के मुद्रण में श्री राम जी के चैतन्य-भाव और कृपा से ओतप्रोत श्री राम जन्मभूमि के जल और मिट्टी को उपयोग में लिया है। इन डाक टिकटों में चंदन की सुगंध है। इन डाक टिकटों को दिव्य प्रकाश से प्रदीप्त बनाने के लिए, इस मिनियेचर शीट के कुछ भागों पर स्वर्ण-पत्र चढ़ाया गया है।

## विपक्ष की आवाज कुचलने में लगी सरकार : गुर्जर

**चंडीगढ़।** भाजपा सरकार ने देश में अघोषित इमरजेंसी लगा रखी है और यह सरकार विपक्ष की आवाज को कुचलने का काम कर रही है। यह कहना है हरियाणा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष चौधरी रामकिशन गुर्जर का। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार ने कांग्रेस पार्टी के अकाउंट को फ्रिज करके देश के लोकतंत्र को ही फ्रिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि देश में आचार संहिता लगी हुई है। लेकिन ठीक चुनाव के मध्य देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के विरूद्ध इस तरह की कार्रवाई राजनीतिक द्वेष को दर्शाती है। रामकिशन ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव का होना जरूरी है। निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रत्येक दल को लेवल प्लेयिंग फील्ड मिलना चाहिए। चुनाव के दौरान सभी दलों को समान अवसर प्राप्त होने आवश्यक है। लेकिन सत्ताधारी बीजेपी देश की राजनीति पर एकाधिकार स्थापित करने में लगी है।

## ट्रक की टक्कर से रेहड़ी चालक की मौत, केस

**कैथल।** चीका में एक ट्रक चालक ने मोटरसाइकिल रेहड़ी चालक को टक्कर मार दी।




टक्कर लगने से रेहड़ी चालक की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव हरिगढ़ कींगण निवासी जगदीश कुमार ने चीका थाना में शिकायत दी कि 21 मार्च को उसका भाई जगजीव सिंह मोटरसाइकिल रेहड़ी चलाता है। 21 मार्च को सुबह करीब साढ़े चार बजे उसका भाई अपने काम से रेहड़ी पर सवार होकर चीका-पिहोवा मार्ग पर जा रहा था। जब वह पिहोवा रोड पर गगन धर्मकांटे के पास पहुंचा तो अज्ञात ट्रक चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके भाई की रेहड़ी को टक्कर मार दी।

## छात्राओं को व्हाट्सएप ग्रुप पर अश्लील वीडियो का लिंक भेजने के आरोपित एक्सटेंशन लेक्चरर को जमानत मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



■ मेडिकल ग्राउंड पर आरोपित को मिली जमानत

■ छात्राओं ने अदालत में धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराए

व्हाट्सएप ग्रुप में अश्लील वीडियो लिंक भेजने के आरोपी एक्सटेंशन लेक्चरर जितेंद्र कुमार को गुहला अदालत ने जमानत दे दी। आरोपी के वकील ने अदालत के सामने उसके सेहत संबंधी दिक्कतों का हवाला देकर जमानत की दरख्वास्त की थी। वहीं अदालत ने शुक्रवार को शिकायतकर्ता छात्राओं को बुलाकर सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बंद कमरे में उनके बयान दर्ज किए। लड़कियों का कॉलेज में एक एक्सटेंशन लेक्चरर ने लड़कियों के व्हाट्सएप ग्रुप में इसरार करके एंट्री ली। फिर उसमें आधी रात को एक पॉर्न वीडियो का लिंक भेज दिया। लड़कियों ने शिकायत कॉलेज प्रशासन को कर दी। आंतरिक कमेटी ने जांच की और शिकायत सच्ची पाई।

ये बोले अधिकारीः उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक राजीव रत्न ने हा की आचरण का दोषी पाए जाने पर कच्चे कर्मचारी या एक्सटेंशन लेरर को नौकरी से बर्खास्त करने के लिए प्रिंसिपल खुद सक्षम होता है। जब उनसे कहा गया कि प्रिंसिपल यह कहकर कार्रवाई करने से बच रहे है।

### कॉलेज प्रशासन ने विभाग को नहीं दी सूचना

मामले में सबसे चौंकने वाला पहलू यह है कि कई दिन बीत जाने के बावजूद भी अभी तक कॉलेज प्रशासन ने इसकी सूचना उच्चतर शिक्षा विभाग को नहीं दी है। गलत आचरण मामले में किसी भी कच्चे प्राध्यापक या कर्मचारी को नौकरी से बर्खास्त करने में सक्षम होने के बावजूद कॉलेज प्रशासन ने कुछ नहीं किया। यहां यह भी काबिले जिक्र है कि आरोपों में घिरा उक्त प्राध्यापक पहले भी कॉलेज में कई विवादों का हिस्सा रह चुका है। कॉलेज प्रशासन हर मामले में रहस्य में चुप्पी साधे रहता आया है। वहीं छात्राओं के बयानों के आधार पर यह साबित हो चुका है कि आरोपी प्राध्यापक यह कहकर छात्राओं के निजी व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल हुआ कि वह पढ़ाई संबंधी गाइडेंस इसी ग्रुप में दिया करेगा। बावजूद इसके कि कॉलेज ने बच्चों को दिशा निर्देश देने के लिए आधिकारिक रूप से भी व्हाट्सएप ग्रुप बना रखे हैं। इसी निजी ग्रुप में छात्राओं के कथन अनुसार उक्त प्राध्यापक जितेंद्र कुमार ने आधी रात के वक्त एक पॉर्न वीडियो का लिंक शेयर कर दिया।


## हैफेड कर्मचारियों ने दिया आंदोलन का अल्टीमेटम



**चंडीगढ़।** हरियाणा हैफेड कर्मचारी संगठन के नेताओं ने उनकी मांगों के पूरा नहीं होने के कारण एक बार फिर से आंदोलन की चेतावनी दी है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि उनकी ओर से एमडी और अन्य आला अफसरों को कईं बार ज्ञापन सौंपे गए लेकिन कोई भी ठोस हल नहीं निकल सका है। सुनवाई नहीं होने के कारण वे 27 से हड़ताल पर जाने के लिए विवश होंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गेहूं, सरसों की खरीद उन्होंने आंदोलन छेड़ा तो बुरी तरह से प्रभावित होंगी। कर्मचारी अपनी जायज मांगों के लिए हैफेड के समस्त कर्मचारी 27 से हड़ताल पर जाने की तैयारी कर चुके हैं, इस तरह से हड़ताल को लेकर सीधे सीधे अधिकारी ही जिम्मेदार होंगे।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 86 दिनांक 20.03.2024 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी. रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**

नाम- निखिल
पिता/पति का नाम- पुत्र कृष्ण
पता - गांव रुडकी, जिला - रोहतक
उम्र- 16वर्ष
कद- 5 फुट 5 इंच
हुलिया- रंग गौरा, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर
पहनावा - नीले रंग की टी-शर्ट, ग्रे पैन्ट, काले रंग का अपर, पैरों में लाल रंग की चप्पल पहने हुए।

दिनांक 20.03.2024 को निखिल पुत्र कृष्ण निवासी गांव रुडकी जिला रोहतक थाना आई.एम.टी रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक 70829-99124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता आई.एम.टी. रोहतक- 9817205683

पीआरडीएच-1084/11/2247/2024/26030/88/6 दि. 22.03.24


# संदीप गर्ग के घर ईडी की जांच दूसरे दिन भी जारी बैंक कर्मचारी नोट गिनने की मशीन लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

■ उद्यमी के घर भारी मात्रा में कैश मिलने की अटकलें

भाजपा नेता संदीप गर्ग के घर ईडी की जांच शुक्रवार दूसरे दिन भी जारी रही। यह जांच चंडीगढ़ एस्टेट ऑफिस की सीनियर अस्सिटेंट सरोज खिलान के नेतृत्व में जारी है और इस जांच में हुड्डा पुलिस चौंकी इंचार्ज महेश कुमार सहित 7-8 अन्य अधिकारी भी शामिल है। जांच टीम मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाए हुए है। उनका कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही वह अधिकारिक जानकारी देंगे और मामले में प्रेस रिलीज भी देंगे। मोहल्ला वासियों से मिली जानकारी के मुताबिक जांच के दूसरे दिन संदीप गर्ग के निवास पर सुबह करीब 7 बजे पुनः हलचल शुरू हुई। दूसरे दिन सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे चंडीगढ़ से दो बैंक के कर्मचारी नोट गिनने वाली दो मशीनों के साथ संदीप गर्ग के निवास पर पहुंचे।



उसके बाद नोट गिनती की कार्रवाई शुरू हुई। कार्रवाई के दौरान किसी को भी अंदर से बाहर आने और बाहर से अंदर जाने की इजाजत नहीं मिली। दोपहर करीब 3 बजे शाहाबाद के एक प्राइवेट बैंक के कर्मचारी नोट गिनने वाली एक और मशीन के साथ गर्ग निवास के अंदर गए और खबर लिखे जाने तक कोई भी निवास से बाहर नहीं आया। अटकलें हैं कि गर्ग निवास से भारी गिनती में केश बरामद हुआ है, जिसे गिनने में जांच टीम और बैंक के कर्मचारी लगे हुए है। बाहर तैनात पुलिस कर्मचारियों से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को भी जांच टीम निवास के अंदर ही रात गुजरेगी और शनिवार सुबह पुनः जांच शुरू होगी। वीरवार रात तक बाहर तैनात पुलिस कर्मचारी और गुप्तचरों के पास यही सूचना थी कि संदीप गर्ग अपने निवास के अंदर मौजूद है और टीम उनसे जांच कर रही है। मगर शुक्रवार सुबह बाहर तैनात पुलिस कर्मचारियों ने बताया कि संदीप गर्ग तो वीरवार सुबह से ही परिवार के साथ घर से गायब है और उनके सभी मोबाइल फ़ोन भी बंद हैं।

### जीएसटी घोटाले से भी जोड़ा जा रहा नाम

सोशल मीडिया पर वायरल खबरों से इस जांच को 2000 करोड़ के जीएसटी घोटाले से भी जोड़ा जा रहा है। सूत्रों की माने तो संदीप गर्ग ने कुल 108 नकली फर्मे बना कर सरकार को करोड़ों रुपये का जीएसटी का चूना लगाया है।


**Government of Haryana/ हरियाणा सरकार**
**District, Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Controller, Jind**
**जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक, जींद**

**श्रम एवं ढुलाई/परिवहन के कार्य हेतु निविदा सूचना।**

रबी व खरीफ सीजन 2024-25 के दौरान जींद जिले की सभी मंडियों में खाद्यान्न एवं स्टाक आर्टिकल्ज के श्रम एवं ढुलाई व परिवहन के कार्य हेतु सभी खरीद एजेंसियों के लिए श्रम एवं ढुलाई/परिवहन ठेकेदारों से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं। उपरोक्त निविदाएं निम्न प्रकार से नीचे वर्णित निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर आमंत्रित है:-

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | Calling of Tender | Closing of Tender | Opening of Tenhnical Bid & Checking Documents | Opening of Fincncial Bid, Negotiation & Finalizaton | टैण्डर का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिवहन | 23.03.2024 09:00 AM | 27.03.2024 11:00 AM | 27.03.2024 11:10 AM | 28.03.2024 10:00 AM | Mini Secretariat, Jind |
| 2. | श्रम एवं ढुलाई | 23.03.2024 09:00 AM | 27.03.2024 11:00 AM | 27.03.2024 11:10 AM | 28.03.2024 10:00 AM | |

1. विस्तृत जानकारी जिला खाद्य एवं पूर्ति नियन्त्रक, जींद/जिला प्रबंधक, हैफड व एच.डब्ल्यू.सी. जींद के कार्यालय से प्रातः 9:00 से सायं 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में तथा Website https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app से ली जा सकती है।
2. जिला निविदा समिति बिना किसी को कारण बताए किसी भी/सभी निविदाओं को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है। निविदा समिति द्वारा निविदा की अंतिम स्वीकृति पश्चात किसी संचालन हेतू दर की आगे वृद्धि हेतू कोई निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. इसके अतिरिक्त टैण्डरदाता द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों में से कोई प्रति स्पष्ट नजर नहीं आती है, तो वह दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. सभी टैण्डरदाता अपने-अपने दस्तावेजों का जो पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे, उनका एक क्रमांक वाईज इन्डैक्स तैयार करके व सभी दस्तावेजों पर पेज नंबर लगाएंगे तथा **इन्डैक्स में यह भी दर्शाया जाए कि किस पेज नंबर पर कौन से दस्तावेज लगाए गए है।**

हस्ता/-
जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, जींद।
दूरभाष नं.-01681-245375

रोहतक, शनिवार, 23 मार्च 2024

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**सुविचार**

कोई कितना भी कड़वा बोले, अपने आपको शांत रखें। क्योंकि धूप कितनी भी तेज क्यों न हो समुद्र को नहीं सुखा सकती।

- अज्ञात

शहीद दिवस आज



# कवियों ने ऐसे व्यंग्य कसे कि ठहाकों से गूंज उठा सुश्रुत ऑडिटोरियम

## राष्ट्रीय दैनिक हरिभूमि के सौजन्य से सजी पीजीआईएमएस में कवियों की महफिल

**13 वां कवि सम्मेलन**

श्रोताओं से खचाखच भरे ऑडिटोरियम में ओज, गीत और हास्य व्यंग्य के कवियों ने खूब गुदगुदाया




**रोहतक।** मंच पर प्रस्तुति देते हास्य व्यंग्य के कवि सुदीप भोला और मंच पर मौजूद विनीत चौहान, दिनेश रघुवंशी, प्रियांशु गजेंद्र, दीपक सैनी और गौरी मिश्रा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सहज-सहज बहती फागुणी मस्त हवाओं के बीच शुक्रवार की शाम पीजीआईएमएस के सुश्रुत ऑडिटोरियम में कवियों की महिफल राष्ट्रीय हिंदी दैनिक हरिभूमि के सौजन्य से सजी। करीब चार घंटे तक रचनाकारों ने ओज, गीत और हास्य व्यंग से दर्शकों की वाहवाही बटोरी। कवियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देन में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनट मंत्री डॉ. बनवारी लाल शामिल हुए। प्रोग्राम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं एलपीएस बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश जैन मौजूद रहे। कार्यक्रम में कवियों और शहर में सामाजिक कार्यों करने वाले लोगों को परंपराओं के मुताबिक विशिष्ट लोगों से सम्मानित करवाया गया। सम्मानित होने वालों में पीजीआईएमएस की टीम, कलानौर में दिव्यांग सेवा संस्थान के संचालक मनदीप और उनकी टीम, गांव बैसी की करूणा, कबड्डी कोच जगबीर और खुशियां बांटते चलो संस्थान की प्रियंका जैन शामिल रहीं। (शेष पेज 4 पर)

### इन कवियों ने गुदगुदाया

कवि विनीत चौहान, सुदीप भोला, दिनेश रघुवंशी, प्रियांशु गजेंद्र, गौरी मिश्रा और दीपक सैनी से अपनी बेहतरीन रचनाओं से लोगों को कभी गुदगुदाया तो कभी उनके देशभक्ति का जोश भरा। कार्यक्रम के प्रारंभ से पहले मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। चौधरी मित्रसेन सिंधु के चित्र पर मुख्य अतिथि समेत दूसरे आगंतुकों ने माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धा से याद किया। महफिल का संचालन दिनेश रघुवंशी द्वारा करवाया गया। रघुवंशी रोहतक के ही रहने वाले हैं।

### प्रियांशु गजेंद्र ने की शुरूआत

कार्यक्रम की शुरुआत प्रियांशु गजेंद्र ने की। इन्होंने थका हारा तेरा दर चाहता हूं कि प्रस्तुति देकर तालियां बटोरीं। इसके बाद तो कविताओं का अटूट सिलसिला लगातार जारी रहा। होली के मौके पर आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में कई घंटे तक तरह-तरह की रचनाओं के गुलाल अबीर बरसते रहे।

### हर्बल होली मनाएं : जैन

इस अवसर पर एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने दर्शकों से आह्वान किया कि हर्बल होली मनाएं। जैन ने लोगों से यह भी अपील कि वे लोकसभा चुनाव में अपना वोट जरूर डालें, क्योंकि इससे लोकतंत्र की नींव मजबूत होती है।

### ये रहे मौजूद

श्याम इंडस पॉवर सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक मेजर सत्यपाल सिंधु, उनकी पत्नी अनिका सिंधु, इंडस ग्रुप ऑफ स्कूल की निदेशक डॉ. एकता सिंधु, नगर निगम के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक प्रो. सुभाष चंद्र गुप्ता समेत शहर के गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### चौधरी मित्रसेन सिंधु मेरे आदर्श : जांगड़ा

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने चौधरी मित्रसेन सिंधु को अपना आदर्श बताया और कहा कि चौधरी मित्रसेन सिंधु द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों को लोग सदैव-सदैव याद रखेंगे। सांसद ने कहा कि हरिभूमि हमेशा सामाजिक सरोकारों से जुड़ा रहा है। हर साल समाज हित के लिए संस्थान द्वारा कई कार्य विभिन्न मौके पर करवाए जाते हैं। आज का कवि सम्मेलन भी सामाजिक सरोकारों का ही एक हिस्सा है। चौधरी मित्रसेन सिंधु ने हरिभूमि के रूप में जो पौधा करीब तीन दशक पहले लगाया था, आज वह वट वृक्ष का रूप धारण कर चुका है।




# आईपीएल का रंगारंग आगाज, अक्षय टाइगर व सोनू निगम ने जीता दिल

**एआर रहमान ने दी शानदार परफॉर्मेंस**

■ **कार्यक्रम के दौरान चंद्रयान 3 की लैंडिंग भी दिखाई गई**

■ **आरसीबी और सीएसके के बीच हुआ मुकाबला**

■ **कोहली के टी-20 में 12000 रन पूरे**

■ **चेन्नई ने बेंगलोर को 6 विकेट से हरा मैच जीता**



**एआर रहमान के जय हो गाने से हुआ समापन**

चेन्नई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सीजन-17 का रंगारंगा आगाज शुक्रवार को हो गया। ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड स्टार्स और सिंगर्स ने परफॉर्मेंस से दर्शकों का मन मोह लिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में करीब 40 मिनट चली सेरेमनी में एआर रहमान, सोनू निगम, मोहित चौहान और नीती मोहन जैसे सिंगर्स ने अपने हिट गानों से समां बांध दिया। सेरेमनी की शुरुआत अक्षय कुमार ने परफॉर्म कर की। एआर रहमान ने मां तुझे सलाम और नीती मोहन ने बरसो रे मेघा गाया। आखिर में 'जय हो' गाने के साथ एआर रहमान ने सेरेमनी का समापन किया। वहीं, पहले मैच में सीएसके ने आरसीबी को 6 विकेट से हराया। (खेल पेज भी देखें)

Hero

मंजिलों से समझौता नहीं.
घर लाएं, माइलेज का हीरो.

नई HF-Deluxe



स्पेशल ऑफर

एक्स-शोरुम कीमत
~~₹60,448~~
₹57,948* से शुरु

कैश डिस्काउंट ₹2500*

किसी भी कॉर्पोरेट/संस्थागत पूछताछ के लिए corporate.enquirynz@heromotocorp.com पर ईमेल करें

नए फीचर्स: USB चार्जर | 3 आकर्षक स्ट्राइप्स

बेमिसाल माइलेज XSENS Programmed FI | कम मेंटेनेंस खर्च | बेजोड़ मज़बूती कर्ब वेट 112 किलो | दमदार पावर 5.9 kW | बेहतरीन सुरक्षा 130 mm रियर ब्रेक

EMI ₹2699^ से शुरु | कम डाउन पेमेंट ₹4999^ | आधार कार्ड पर^ लोन और कैश EMI | Hero GoodLife अतिरिक्त कैश डिस्काउंट ₹2000˜ तक | India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply | 6000^^ km or 6 Months Service interval | टोल फ्री 1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. *Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. ˜On successful redemption of Hero GoodLife Sales Voucher. Offer valid for eligible Hero GoodLife Members only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ^^Terms and Conditions apply. *Ex-showroom price of HF Deluxe Drum Brake Kick Start in Gurugram.

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors, 9289923122 Ambala City: Dhruv Hero, 9289922868 Assandh: Sandhu Hero, 9289922815 Bahadurgarh: Satvik Hero, 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero, 9289922056 Ellenabad: Ajit Hero, 9289922505 Fatehabad: Shri Balaji Hero, 9289922057 Gharaunda: Laxmi Hero, 9289922433 Gohana: Krishna Hero, 9289923026 Hisar: Chaudhary Hero, 9289922049, Vikrant Hero, 9289923082 Jhajjar: Pushkar Hero, 9289923147 Jagadhari: Khanna Hero, 9289922050 Jind: National Hero, 9289922061 Kaithal: Chaudhary Hero, 9289922062 Karnal: Nirmal Hero, 9289922048 Kurukshetra: VPS Hero, 9289922988 Ladwa: Khanna Hero, 9289922063 Mandi Dabwali: Karan Hero, 9289922490 Nuh: Sunil Hero, 9289923087 Narnaul: Autodeals Hero, 9289922058 Narwana: Narwana Hero, 9289923101 Palwal: DevVaahan Hero, 9289922877 Panchkula: Regent Hero, 9289923161 Panipat: Kadian Hero, 9289923182, Sahib Hero, 9289922059 Pehowa: Saraswati Hero, 9289922393 Rewari: Virendra Hero, 9289922060 Rohtak: Shivam Hero, 9289922047 Sirsa: Khanna Hero, 9289923195 Sonepat: Sidak Hero, 9289922865 Yamuna Nagar: Rohit Hero, 9289922394 Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Sehgal Hero, NIT, 9289207333, Gurgaon:- Himgiri Hero, 9289923046, Autoneeds Hero, 9289922051, Jaasodha Hero, 9289922495, Sharma Hero, Basai Road Sector 11, 9289923221, Hansi: Sunil Motors, 9821744694

WT.5687.2024HIN



## हिसार लोकसभा: प्रदेश की हॉट सीट में रही शुमार

# दो दशक से जीत को तरस रही कांग्रेस जमानत बचाने के भी पड़े रहे लाले

**2004 के बाद से कांग्रेस प्रत्याशी जीत की दहलीज तक नहीं पहुंचे**

- वर्ष 2011 उपचुनाव, 2014 और 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत हुई जब्त

शमशेर सैनी ▸▸ हिसार

प्रदेश की हॉट सीट में शुमार रहने वाली हिसार लोकसभा में कांग्रेस दो दशक से जीत को तरस रही है। वर्ष 2004 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से जयप्रकाश सांसद बनकर लोकसभा में पहुंचे थे, लेकिन उसके बाद से कांग्रेस प्रत्याशियों को हिसार लोकसभा की जनता ने जीत का सेहरा नहीं बंधवाया। वर्ष 2004 चुनाव के बाद लोकसभा के 3 आम चुनाव और 1 उपचुनाव हुआ। चारों चुनावों में ही कांग्रेस प्रत्याशी चारों खाने चित्त रहे। कांग्रेस पार्टी ने हिसार लोकसभा क्षेत्र से कई बड़े धुरंधरों को मैदान में उतारा, लेकिन कोई प्रत्याशी जीत की दहलीज पर पहुंचना तो दूर की बात दूसरे नंबर पर भी नहीं पहुंच सका। कांग्रेस की हालत इतनी पतली होती चली गई कि कांग्रेस प्रत्याशियों को चुनाव में जमानत बचाने के भी लाले पड़े रहे। वर्ष 2011 के उपचुनाव में कांग्रेस से प्रत्याशी रहे जयप्रकाश, वर्ष 2014 आम चुनाव में प्रो. संपत सिंह तथा 2019 में भव्य बिश्नोई की जमानत जब्त हुई।

### हिसार लोकसभा क्षेत्र के अब तक रहे सांसद

| वर्ष | विजेता | पार्टी | वोट मिले | उपविजेता | पार्टी | वोट मिले | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1967 | रामकिशन गुप्ता | कांग्रेस | 115963 | मनीराम बागड़ी | ससोपा | 108784 | 7179 |
| 1971 | मनीराम गोदारा | कांग्रेस (जे) | 170204 | मनीराम बागड़ी | ससोपा | 86510 | 83694 |
| 1977 | इन्द्रसिंह श्योकंद | जपा | 322456 | जसवंत सिंह | कांग्रेस | 79072 | 243384 |
| 1980 | मनीराम बागड़ी | जनता (एस) | 192074 | मनीराम गोदारा | कांग्रेस (आई) | 99363 | 92711 |
| 1984 | चौ. बीरेंद्र सिंह | कांग्रेस | 251367 | ओमप्रकाश चौटाला | लोकदल | 200161 | 51206 |
| 1989 | जयप्रकाश | जनता दल | 291073 | चौ. बीरेंद्र सिंह | कांग्रेस | 246394 | 44679 |
| 1991 | मा.नारायण सिंह | कांग्रेस | 233012 | जयप्रकाश | जनता पार्टी | 206818 | 26194 |
| 1996 | जयप्रकाश | हविपा | 306402 | गौरीशंकर | समता पार्टी | 131750 | 174652 |
| 1998 | सुरेंद्र बरवाला | हरि.लो | 260271 | ओमप्रकाश | हविपा | 179780 | 80491 |
| 1999 | सुरेंद्र बरवाला | इनेलो | 396540 | चौ. बीरेंद्र सिंह | कांग्रेस | 236088 | 160452 |
| 2004 | जयप्रकाश | कांग्रेस | 407210 | सुरेंद्र बरवाला | इनेलो | 224442 | 182768 |
| 2009 | चौ. भजनलाल | हजकां | 248476 | प्रो.संपत सिंह | इनेलो | 241493 | 6983 |
| 2011 | कुलदीप बिश्नोई | हजकां | 355955 | अजय चौटाला | इनेलो | 349618 | 6337 |
| 2014 | दुष्यंत चौटाला | इनेलो | 494478 | कुलदीप बिश्नोई | हजकां | 462631 | 31847 |
| 2019 | बृजेंद्र सिंह | भाजपा | 603289 | दुष्यंत चौटाला | जेजेपी | 289221 | 314068 |

### अब तक हिसार लोस का इतिहास प्रतिशत में

| वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|
| 1967 | 70.87 |
| 1971 | 62.56 |
| 1977 | 73.93 |
| 1980 | 65.07 |
| 1984 | 66.68 |
| 1989 | 63.87 |
| 1991 | 68.1 |
| 1996 | 72.42 |
| 1998 | 71.5 |
| 1999 | 63.05 |
| 2004 | 67.74 |
| 2009 | 68.9 |
| 2011 | 68.39 |
| 2014 | 76.0 |
| 2019 | 72.43 |

### कांटे के मुकाबले में चौधरी भजनलाल हुए थे निर्वाचित

वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से अलग होकर हरियाणा जनहित कांग्रेस (हजकां) का गठन करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल खुद चुनावी समर में कूदे। उनके सामने इनेलो से प्रो. संपत सिंह तथा कांग्रेस से जयप्रकाश थे। चौधरी भजनलाल 2 लाख 48 हजार 476 वोट लेकर कांटे के मुकाबले में निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रो. संपत सिंह को हराकर सांसद निर्वाचित हुए। प्रो. संपत सिंह को 2 लाख 41 हजार 493 वोट मिले थे और तीसरे नंबर पर रहे जयप्रकाश को 2 लाख 4 हजार 539 वोट प्राप्त हुए थे। चौधरी भजनलाल 6 हजार 983 वोटों के अंतर से विजयी हुए थे।

### उपचुनाव में कुलदीप ने पिता की बादशाहत को रखा कायम

वर्ष 2009 में सांसद निर्वाचित हुए चौधरी भजनलाल का निधन होने से वर्ष 2011 में हिसार लोकसभा सीट पर उपचुनाव हुए। उपचुनाव में हजकां से कुलदीप बिश्नोई, इनेलो से अजय सिंह चौटाला तथा कांग्रेस से जयप्रकाश के बीच मुकाबला था। कांटे के मुकाबले में कुलदीप बिश्नोई ने महज 6 हजार 335 वोट के अंतर से जीत दर्ज की। कुलदीप बिश्नोई को 3 लाख 55 हजार 955, अजय सिंह चौटाला को 3 लाख 49 हजार 620 तथा जयप्रकाश को 1 लाख 49 हजार 785 वोट प्राप्त हुए। उपचुनाव में जयप्रकाश की जमानत तक जब्त हो गई थी।

### बेटे ने लिया पिता की हार का बदला

वर्ष 2014 के लोकसभा आम चुनाव में इनेलो से दुष्यंत चौटाला, हजकां से कुलदीप बिश्नोई तथा कांग्रेस से प्रो. संपत सिंह प्रमुख प्रत्याशी के तौर पर मैदान में जोर आजमाइश कर रहे थे। जीत का सेहरा दुष्यंत चौटाला के सिर बंधा। दुष्यंत चौटाला ने वर्ष 2011 के लोकसभा उपचुनाव में अपने पिता अजय चौटाला की हार का बदला लिया। दुष्यंत 31 हजार 874 वोट के अंतर से सांसद निर्वाचित हुए। दुष्यंत चौटाला को 4 लाख 94 हजार 478, कुलदीप बिश्नोई को 4 लाख 62 हजार 631 तथा प्रो. संपत सिंह को 1 लाख 2 हजार 509 वोट मिले थे। एक बार फिर कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई।

### पहली बार खिला कमल


वर्ष 2019 के लोकसभा आम चुनाव में प्रदेश के तीन सियासी घरानों के लालों के बीच मुकाबला देखने को मिला। भाजपा से चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह, जेजेपी से चौधरी देवीलाल के पड़पोते दुष्यंत चौटाला तथा कांग्रेस से पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल के पोते भव्य बिश्नोई अपनी किस्मत आजमा रहे थे। मोदी लहर में भाजपा पहली बार हिसार लोकसभा सीट से कमल खिलाने में कामयाब रही। बृजेंद्र सिंह को 6 लाख 3 हजार 289, दुष्यंत चौटाला को 2 लाख 89 हजार 221 तथा कांग्रेस प्रत्याशी भव्य बिश्नोई को 1 लाख 84 हजार 369 वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी की जीत का अंतर 3 लाख 14 हजार 68 वोट रहा था। कांग्रेस प्रत्याशी अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए थे।

## गुरुग्राम: कैप्टन का मजबूत विकल्प तलाशने को माथापच्ची

# कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा में देरी से नहीं चढ़ रहा राजनीति पर होली का रंग

- गैर अहीर नेता के रूप में राजबब्बर के नाम पर मुहर लगाने की चर्चा
- गत लोकसभा चुनावों में कैप्टन अजय सिंह यादव ने 4.95 लाख मतों पाकर इंद्रजीत सिंह को टक्कर देने का प्रयास तो किया था





राव इन्द्रजीत सिंह — कैप्टन अजय यादव। — राज बब्बर

नरेन्द्र वत्स ▸▸ रेवाड़ी

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर लगातार तीन बार सांसद रह चुके केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को सीधी चुनौती पेश करने के लिए कांग्रेस की दमदार प्रत्याशी की खोज पूरी नहीं हो सकी है। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के कभी हां, तो कभी ना कहने के बाद पार्टी ने गैर अहीर नेता को प्रत्याशी बनाने पर माथापच्ची शुरू की हुई है। राजबब्बर के नाम पर पार्टी में विचार किया जा रहा है। कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित नहीं होने के कारण चुनावों की घोषणा के बावजूद क्षेत्र की राजनीति पर होली का रंग नहीं चढ़ सका है। होली के बाद ही कांग्रेस प्रत्याशी के नाम की घोषणा संभावित है।

### 25 मई को डाले जाएंगे वोट

प्रदेश में लोकसभा चुनाव अतिंम चरण में 25 मई को होने हैं। दो माह से ज्यादा समय होने के कारण अभी तक राजनीति पर होली का रंग चढ़ना शुरू नहीं हुआ है। सामने प्रत्याशी नहीं आने के कारण भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने भी आक्रामक चुनाव प्रचार की शुरूआत नहीं की है। राव कांग्रेस की टिकट पर वर्ष 2009 में इस सीट पर पहला लोकसभा चुनाव जीते थे। इसके बाद दोनों चुनाव भाजपा की सीट पर जीते। तीनों ही चुनावों में उनकी जीत लगभग एकतरफा रही। गत लोकसभा चुनावों में कैप्टन अजय सिंह यादव ने 4.95 लाख मतों के साथ इंद्रजीत सिंह को टक्कर देने का प्रयास तो किया, लेकिन जीत का अंतर 3 लाख का आंकड़ा पार कर गया था। कैप्टन से पूर्व इस सीट पर कांग्रेस के दूसरे प्रत्याशी ज्यादा सफल नहीं हुए थे। इस बार कैप्टन ने लोकसभा चुनावों की चर्चा के साथ ही गुरूग्राम में जनसंपर्क अभियान तेज करते हुए चार सौ से अधिक गांव कवर कर लिए थे। कांग्रेस के मजबूत गढ़ मेवात क्षेत्र में उनकी सक्रियता बढ़ी हुई थी। पार्टी में टिकट के लिए आवेदन की शर्त रखने और चुनाव कमेटी में शामिल नहीं करने से कैप्टन नाराज हो गए। उन्होंने आवेदन नहीं करने का निर्णय लिया। बाद में फैसला बदलते हुए आवेदन कर भी दिया। टिकट की उम्मीद नजर नहीं आने के कारण एक बार फिर उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है।

### कैप्टन का विकल्प ढूंढना नहीं आसान

इस सीट पर कांग्रेस में अभी तक कैप्टन ही अकेले ऐसे नेता साबित हुए हैं, जिन्होंने मोदी लहर में गत लोकसभा चुनावों में अच्छे मत हासिल करने में सफलता मिली। इससे पूर्व 2014 के लोकसभा चुनावों में राव धर्मपाल 1.5 लाख वोट भी हासिल नहीं कर पाए थे। पार्टी के पास इस सीट पर ऐसा कोई दमदार नेता नजर नहीं आ रहा, जिसका पूरे लोकसभा क्षेत्र में अपना जनाधार हो। एक ओर जहां पार्टी गैर अहीर नेता को मौका देते हुए राजबब्बर के नाम पर विचार कर रही है, तो दूसरी ओर परंपरागत मुस्लिम वोट बैंक पर भी उसकी नजर है। सियासी शतरंज के महारथी पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा इस सीट पर दमदार प्रत्याशी की तलाश करने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

### पेज 3 का शेष

**कवियों ने ऐसे....**

**ये रहे सहयोगी**

- एलपीएस बोसार्ड प्राईवेट लिमिटेड, रोहतक
- पठानिया पब्लिक स्कूल, रोहतक
- इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक
- जनता टीवी (टेलिविजन पार्टनर)
- कोटा क्लासिज, रोहतक
- लोहचब मोटर कंपनी प्रा.लि रोहतक
- लोहचब ऑटोकार प्रा.लि., रोहतक
- रंश मोटर्स एवं निखार कैमिकल्स प्रा.लि. , रोहतक
- पोजीट्रान अस्पताल, रोहतक
- एच. डी. पब्लिक स्कूल
- वेद मॉडल इंटरनेशनल स्कूल, कलानौर
- प्रेमसंस ज्वैलर्स, रोहतक
- पॉल एंड कंपनी, रोहतक
- दॉ आर्यन ग्लोबल स्कूल, रोहतक
- स्वामी नितानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स
- एमडीएन पब्लिक स्कूल, रोहतक
- जे.पी. इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक
- कायनोस अस्पताल, रोहतक
- जेड ग्लोबल स्कूल, रोहतक
- पंजाब नेशनल बैंक, रोहतक
- एलआईसी (भारतीय जीवन बीमा निगम), रोहतक
- होटल रिवोली, रोहतक
- केनरा बैंक, रोहतक

## ड्यूटी में कौताही बरतने पर हरियाणा बोर्ड की कड़ी कार्रवाई

# नूंह के 2 परीक्षा केन्द्रों पर 12वीं अंग्रेजी विषय की परीक्षा रद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि शुक्रवार को सीनियर सेकेंडरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय अंग्रेजी विषय की परीक्षा सुचारू रूप से शान्तिपूर्वक संचालित हुई। कुछ परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधन के कुल 38 मामले दर्ज किए तथा परीक्षा ड्यूटी में कौताही बरतने पर 07 पर्यवेक्षकों को कार्यभार मुक्त किया गया। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि उनके स्वयं के उड़नदस्ते द्वारा रोहतक व झज्जर जिलों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा नकल रहित व शान्तिपूर्वक ढ़ंग से संचालित हो रही थी। उन्होंने बताया कि सचिव के उड़नदस्ते द्वारा जिला नूंह के परीक्षा केंद्रों पर छापेमारी की गई तथा परीक्षा केन्द्र रावमावि, हसनपुर तावडू तथा रावमावि, राठीवास पर नकल के 2 दो मामले दर्ज किए गए। जिला नूंह के परीक्षा केन्द्र रावमावि,पुन्हाना3, बी1 से अंग्रेजी विषय की परीक्षा का प्रश्न पत्र आउट होने की सूचना प्राप्त होने पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए बोर्ड के उड़नदस्ते द्वारा मौके पर पंहुचकर एल्फा न्यूमेरिक कोड, क्यूआर कोड व हिडन फीचर की सहायता से पेपर वायरल करने वालो को पकड़ लिया गया।

## क्रिप्टो करंसी की नकली बेवसाइट बनाकर फ्रॉड

# सिरसा के 50 लोगों को लगाया 54 लाख का चूना



**सिरसा।** साइबर क्राइम पुलिस ने अंतरर'ाीय साइबर क्राइम गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने क्रिप्टो करंसी की फर्जी वेबसाईट तैयार कर अपना क्रिप्टो कॉइन बनाकर तथा मोटा मुनाफे का झासा देकर सिरसा क्षेत्र के 50 लोगों से करीब 54 लाख रुपये की ठगी की थी। ऑनलाइन साइबर ठगी करने के मामले में गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर ठगी की राशि बरामद की जाएगी तथा उनके अन्य साथियों के पते ठिकाने मालूम किए जाएंगे। शहर सिरसा तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों से हुई लाखों की ठगी के इन मामलों को साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के प्रभारी जसबीर सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर मामलों को सुलझाने के निर्देश दिए थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की कैद



हिसार। अदालत ने शुक्रवार को नाबालिग लड़की के साथ रेप के मामले में उकलाना एरिया के दोषी करार अजय कुमार को 20 साल की कैद की सजा सुनाई है। दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं भरने पर उसे 1 साल की अतिरिक्त कैद काटनी होगी। बता दें कि अदालत ने अजय कुमार को गुरुवार को दोषी करार दिया था। अदालत में चले अभियोग के अनुसार उकलाना थाना पुलिस ने इस संबंध में 21 जुलाई 2020 को दुष्कर्म एवं 6 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। एरिया की एक नाबालिग लड़की के साथ युवक ने दुष्कर्म किया था। पता चलने पर परिजन लड़की को थाने में लेकर पहुंचे थे और पुलिस को शिकायत देकर अजय पर लड़की के साथ रेप करने के आरोप लगाया था। पुलिस ने नाबालिगा के बयान दर्ज कर नागरिक अस्पताल में उसकी मेडिकल जांच कराई थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी अजय को गिरफ्तार किया था। अदालत ने इस मामले में दोषी अजय को 20 साल कैद और 1 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।


# हरियाणा लोक सेवा आयोग

**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**विज्ञा. सं. 10** — **प्रकाशन की तिथि : 23.03.2024**

आयोग, **श्रम विभाग, हरियाणा में सहायक श्रम आयुक्त** के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| पद का नाम | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| श्रम विभाग, हरियाणा में सहायक श्रम आयुक्त | हरियाणा के बीसी-बी | 01 |

(ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 03.04.2024

(बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 24.04.2024 अप. 11:55 बजे तक

(सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 24.04.2024 अप. 11:55 बजे तक

अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 13.03.2024 — हस्ता/- सचिव, हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

# हरियाणा लोक सेवा आयोग

**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**विज्ञा. सं. 11** — **प्रकाशन की तिथि : 23.03.2024**

आयोग, एचपीजीसीएल, पावर विभाग में कैमिस्ट (श्रेणी-II) के पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। पदों का श्रेणी-वार ब्रेक-अप निम्नानुसार है :-

| पद का नाम | सामान्य | एससी | कुल |
|---|---|---|---|
| एचपीजीसीएल में कैमिस्ट (श्रेणी-II) | 04 | 02 | 06 |

(ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 01.04.2024

(बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 22.04.2024 अप. 11:55 बजे तक

(सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 22.04.2024 अप. 11:55 बजे तक

अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 13.03.2024 — हस्ता/- सचिव, हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

# हरियाणा लोक सेवा आयोग

**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**विज्ञा. सं. 12** — **प्रकाशन की तिथि : 23.03.2024**

आयोग, **श्रम विभाग, हरियाणा में सहायक निदेशक, औद्योगिक स्वास्थ्य-सह-प्रमाणीकरण सर्जन** के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| पद का नाम | श्रेणी | कुल पद |
|---|---|---|
| श्रम विभाग, हरियाणा में सहायक निदेशक, औद्योगिक स्वास्थ्य-सह-प्रमाणीकरण सर्जन | एससी | 02 |

(ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 02.04.2024

(बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 23.04.2024 अप. 11:55 बजे तक

(सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 23.04.2024 अप. 11:55 बजे तक

अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 13.03.2024 — हस्ता/- सचिव, हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/246/2024/26035/88/6 दि. 22.03.24


### शंभू बॉर्डर पर किसानों को श्रद्धांजलि देंगे बजरंग पूनिया व अन्य

**अंबाला।** शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों को 39 दिन पूरे हो गए। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को हिसार में शहीद समागम हुआ। 23 मार्च यानि शनिवार को को शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर किसान शहीदी दिवस मनाएंगे। इस दौरान शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय पहलवान बजरंग पूनिया समेत कई गणमान्य लोगों के शहीदी दिवस में हस्सिेदारी करने की बात कही जा रही है। उधर शंभू बॉर्डर से 6 दिन पहले शुरू हुई अस्थि कलश यात्रा पंचकूला, चंडीगढ़, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र होते हुए करनाल के नीलोखेड़ी में पहुंच गई है।



पिहोवा कोबरा सांप को काबू करता स्नेक मास्टर पवन कुमार। फोटो : हरिभूमि

### पिहोवा: स्नेक मास्टर पवन ने घर में घुसे जहरीले कोबरा सांप को किया काबू

**पिहोवा।** एक बार फिर से स्नेक मास्टर पवन कुमार ने गांव भेरिया के डेरा वड़ैच फार्म स्थित एक घर में घुसे जहरीले सांप कोबरा को काबू किया। स्नेक मास्टर पवन कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गुरदीप सिंह के घर तुड़ी वाले कमरे में कोबरा सांप घुसा हुआ है। वे तुरंत मौके पर पहुंचे और चंद मिंटो में कोबरा सांप को काबू किया। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया सांप काफी जहरीला था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अगर उन्हें किसी सांप ने काट लिया हो तो वे तुरंत अस्पताल में पहुंच इसका इलाज करवाए, न कि किसी झाड़ फूक के चक्कर में पड़े। अब तक वे हजारों सांपो को पकड़ कर उन्हें जंगल मे छोड़ चुके हैं।

### कांग्रेस के साथ आए राजकुमार सैनी, इंडिया को दिया समर्थन



**चंडीगढ़।** जाट आरक्षण आंदोलन पर विवादित बयानों को लेकर चर्चा में आए ओबीसी गठबंधन के कन्वीनर राजकुमार सैनी बिना किसी शर्त के अब कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के साथ आ गए हैं। शुक्रवार को उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ पत्रकार वार्ता में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि जिस मकसद के लिए हमने ओबीसी गठबंधन बनाया था, आज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व इंडिया गठबंधन भी उसी रास्ते पर चल रहा है। जिस कारण हमने एकजुटता के साथ भाजपा व उसकी सोच से लड़ने का निर्णय लिया है। राजकुमार सैनी 2014 में भाजपा के टिकट पर कुरूक्षेत्र से सांसद बने थे तथा जाट आरक्षण व आंदोलन के दौरान विवादित बयानों के कारण भाजपा के किनारा करने पर लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी का गठन किया। अपनी पार्टी से 2019 का लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव लड़ा, परंतु जीत हासिल नहीं कर पाए।

### खबर संक्षेप

#### अफीम व चुरापोस्त के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**यमुनानगर।** बिलासपुर पुलिस ने अनाज मंडी के पास से एक व्यक्ति को 283 ग्राम अफीम व डेढ़ किलो चुरापोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से रिमांड पर लिया।

**शोध** — अंतरराष्ट्रीय संस्था अमेरिकन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसायटी ने दी बीमारी को मान्यता

# एचएयू वैज्ञानिकों ने पहली बार खोजी मटर की नई बीमारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मटर की नई बीमारी की खोज करने वाले वैज्ञानिकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने मटर की नई बीमारी व इसके कारक जीवाणु कैंडिडेटस फाइटोप्लाज्मा एस्टेरिस (16 एसआर 1) की खोज की है। पौधों में नई बीमारी को मान्यता देने वाली अमेरिकन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसाइटी (एपीएस), यूएसए द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित जर्नल प्लांट डिजीज में वैज्ञानिकों की इस नई बीमारी की रिपोर्ट को प्रथम शोध रिपोर्ट के रूप में जर्नल में स्वीकार कर मान्यता दी है। अमेरिकन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसायटी (एपीएस) पौधों की बीमारियों के अध्ययन के लिए सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठनों में से एक है जो विशेषतः पौधों की बिमारियों पर विश्वस्तरीय प्रकाशन करती है।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक दुनिया में इस बीमारी की खोज करने वाले सबसे पहले वैज्ञानिक हैं। इन वैज्ञानिकों ने फाइटोप्लाज्मा मटर में बीमारी पर शोध रिपोर्ट प्रस्तुत की है जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्था ने मान्यता प्रदान करते हुए अपने जर्नल में प्रकाशन किया है। विवि के कुलपति डॉ. बीआर कम्बोज ने शुक्रवार को वैज्ञानिकों की इस खोज के लिए बधाई दी। प्रो. काम्बोजने कहा कि बदलते कृषि परिदृश्य में विभिन्न फसलों में उभरते खतरों की समय पर पहचान महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने वैज्ञानिकों से बीमारी के आगे प्रसार पर कड़ी निगरानी रखने को कहा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों को रोग नियंत्रण पर जल्द से जल्द काम शुरू करना चाहिए।

### इन वैज्ञानिकों का रहा अहम योगदान

इस बीमारी के मुख्य शोधकर्ता और विश्वविद्यालय के प्लांट पैथोलॉजिस्ट डॉ. जगमोहन सिंह ढिल्लों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठन अमेरिकन फाइटोपैथोलॉजिकल सोसायटी, यूएसए द्वारा मार्च, 2024 के दौरान इस शोध रिपोर्ट को प्रकाशन किया है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक इस बीमारी के सबसे पहले शोधकर्ता माने गए हैं। डॉ. ढिल्लों ने कहा कि कई रूपात्मक, आणविक और रोगजनकता परीक्षणों के आधार पर हम यह साबित करने में कामयाब रहे कि एक जीवाणु कैंडिडैटस फाइटोप्लाज्मा एस्टेरिस (16 एसआर 1) इस बीमारी का कारक है। इस रोग से ग्रसित मटर के पौधे बौने और झाड़ीदार हो जाते है। एचएयू के वैज्ञानिकों डॉ. राकेश कुमार चुघ, डॉ. धर्मवीर दूहन और आईएआरआई, नई दिल्ली से डॉ. हेमावती व डॉ. कीर्ति रावत ने भी इस शोधकार्य में योगदान दिया।

### 2023 में फसल में दिखाई दिए थे लक्षण

अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि पहली बार फरवरी-2023 में सेंट्रल स्टेट फार्म, हिसार में मटर की फसल में नई तरह की बीमारी दिखाई दी, जिसमें मटर के 10 प्रतिशत पौधे बौने और झाड़ीदार हो गए थे। एचएयू के वैज्ञानिकों ने कड़ी मेहनत के बाद इस बीमारी के कारक कैंडिडैटस फाइटोप्लाज्मा एस्टेरिस (16 एसआर 1) की खोज की है। उन्होंने कहा कि बीमारी की जल्द पहचान से योजनाबद्ध प्रजनन कार्यक्रम विकसित करने में मदद मिलेगी।



## श्रेयस की वापसी मैच में हैदराबाद के नए कप्तान कमिंस देंगे चुनौती

एजेंसी ⏭ कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। मुकाबले में आईपीएल के दो सबसे महंगे खिलाड़ियों आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस के अलावा चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर भी फोकस रहेगा। कमर की चोट के कारण पिछले साल पूरे सत्र से बाहर रहे श्रेयस केकेआर की कमान संभालेंगे। केकेआर के सबसे कामयाब कप्तान गौतम गंभीर अब मेंटोर के रूप में दूसरी पारी में लौटे हैं। टीम के मालिक शाहरुख खान ने गंभीर से कहा है, 'यह तुम्हारी टीम है। बनाओ या बिगाड़ो।' *मैच : शाम 7.30 बजे से*

### टीमें इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्स**
श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा।

**सनराइजर्स हैदराबाद**
पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जे सुब्रहमण्यन।

आईपीएल


दुबे और जडेजा की फिफ्टी पार्टनरशिप

# सीएसके 6 विकेट से जीता मुस्तफिजुर ने लिए 4 विकेट

एजेंसी ⏭ चेन्नई

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरूआती मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर यहां चेपॉक स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर अपना दबदबा जारी रखा। पहले सीएसके के गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान (29 रन देकर चार विकेट) ने अपनी 'वैरिएशन' से चार विकेट झटककर आरसीबी को मुश्किल में डाल दिया था। लेकिन अनुज रावत (48 रन) और दिनेश कार्तिक (नाबाद 38 रन) के बीच छठे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी से आरसीबी छह विकेट पर 173 रन का स्कोर बनाने में सफल रही। पर उसके गेंदबाज अपनी गलतियों से सीएसके को दबाव में लाने के बावजूद जीत दर्ज करने से नहीं रोक सके। सीएसके ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 176 रन बनाकर अपने नये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ को जीत से शुरूआत करायी। शिवम दूबे (28 गेंद में नाबाद 34 रन) और रविंद्र जडेजा (17 गेंद में नाबाद 25 रन) पांचवें विकेट के लिए नाबाद 66 रन जोड़कर सीएसके को जीत तक ले गये। गायकवाड़ (15 रन) ने रचिन रविंद्र (15 गेंद में 37 रन) के साथ अच्छी शुरूआत की लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सके। पर रचिन रविंद्र ने आईपीएल में पदार्पण में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी पारी के दौरान तीन चौके और तीन छक्के जमाये। गायकवाड़ (15 गेंद, तीन चौके) यश दयाल की गेंद पर आउट हुए। रचिन रविंद्र को कर्ण शर्मा ने अपना शिकार बनाया। अजिंक्य रहाणे ने दो छक्के से 19 गेंद में 27 रन और डेरिल मिचेल ने भी दो छक्के से 18 गेंद में 22 रन बनाये। ये दोनों कैमरन ग्रीन के शिकार हुए। इससे पहले आरसीबी ने मुस्तफिजुर के झटकों से उबरते हुए अनुज रावत (25 गेंद) और कार्तिक की मदद से सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। अनुज रावत (25 गेंद) ने तुषार देशपांडे के खिलाफ 25 रन जड़े और अनुभवी क्रिकेटर कार्तिक (नाबाद 38) के साथ मिलकर सिर्फ 57 गेंद में पर छठे विकेट के लिए 95 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभायी। शुरू में सतर्क होकर खेल रहे रावत ने देशपांडे पर तीन छक्के और एक चौके जड़कर पारी का रुख बदल दिया जिससे आरसीबी ने अपने आखिरी छह ओवर में 83 रन बनाये। कप्तान फाफ डुप्लेसी ने 35 रन की पारी खेली। रावत ने अपनी पारी के दौरान चार चौके और तीन छक्के लगाये। इससे पहले मुस्तफिजुर ने अपने पहले दो ओवरों में चार विकेट लेकर आरसीबी का स्कोर पांच विकेट पर 78 रन कर उसे दबाव में ला दिया था। पारी में पहले मुस्तफिजुर ने दबदबा बनाया, लेकिन उसके बाद रावत ने सूझ समझ वाली पारी खेली।





### बेंगलुरु-173/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| कोहली का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 21 |
| डुप्लेसी का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 35 |
| रजत का धोनी बो मुस्तफिजुर | 00 |
| मैक्सवेल का धोनी बो चाहर | 00 |
| कैमरन ग्रीन बो मुस्तफिजुर | 18 |
| अनुज रावत रन आउट | 48 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 38 |

अतिरिक्त : 13
कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन
विकेट पतन : 1-41,2-41, 3-42, 4-77, 5-78, 6-173
**गेंदबाजी:** चाहर 4-0-37-1, तुषार 4-0-47-0, महीश 4-0-36-0, मुस्तफिजुर 4-0-29-4, रविंद्र जडेजा 4-0-21-0

### चेन्नई-176/4 (18.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| गायकवाड का ग्रीन बो यश दयाल | 15 |
| रचिन रविंद्र का पाटीदार बो शर्मा | 37 |
| रहाणे का मैक्सवेल बो ग्रीन | 27 |
| मिचेल का पाटीदार बो ग्रीन | 22 |
| शिवम दूबे नाबाद | 34 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 25 |

अतिरिक्त : 16
कुल : 18.4 ओवर में चार विकेट पर 176 रन
विकेट पतन : 1-38,2-71, 3-99, 4-110
**गेंदबाजी:** मोहम्मद सिराज 4-0-38-0, यश दयाल 3-0-28-1, जोसफ 3.4-0-38-0, कर्ण शर्मा 2-0-24-1, डागर 2-0-6-0, कैमरन ग्रीन 3-0-27-2, ग्लेन मैक्सवेल 1-0-7-0

## पंत की वापसी से नए जोश में दिल्ली, किंग्स देंगे कड़ी चुनौती

कैपिटल्स-पंजाब का मुकाबला दोपहर 3. 30 बजे से



एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन को भुलाकर दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के नए सत्र में शनिवार को जब आमने सामने होंगे तो सभी की नजरें महीनों बाद मैदान पर लौट रहे दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी।

दिसंबर 2022 में भयावह कार दुर्घटना में बाल बाल बचे पंत ने क्रिकेट के लिए अपने जुनून के दम पर समय से पहले रिकवरी कर ली है। पंत ने 15 महीने कड़ी मेहनत, जुझारूपन और हिम्मत के साथ रिकवरी को दिए हैं।

### दिल्ली की ताकत

पृथ्वी साव, मिचेल मार्श, पंत और स्टब्स जैसे आक्रामक बल्लेबाज दिल्ली के पास है जबकि गेंदबाजी की अगुवाई एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, मुकेश कुमार करेंगे। स्पिन का जिम्मा कुलदीप यादव और अक्षर पटेल संभालेंगे।

### टीमें इस प्रकार हैं

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), जितेश शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, हरप्रीत भाटिया, रिली रोसोयू, शशांक सिंह, क्रिस वोक्स, विश्वनाथ प्रताप सिंह, आशुतोष शर्मा, तनय त्यागराजन, अथर्व तायडे, ऋषि धवन, सैम कुरेन, सिकंदर रजा, शिवम सिंह, प्रिंस चौधरी, हरप्रीत बरार, अर्शदीप सिंह, कैगिसो रबाडा, नाथन एलिस, राहुत चहार, विद्वत कावेरप्पा, हर्षल पटेल।

## खबर संक्षेप



### आईपीएल में मैच नहीं यात्रा थकाऊ है : कमिंस

**कोलकाता।** पहली बार किसी टी20 टीम की अगुआई कर रहे आस्ट्रेलियाई विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि क्रिकेट का छोटा प्रारूप थकाऊ नहीं है लेकिन दो महीने तक चलने वाली इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान यात्रा करना और विभिन्न टीमों से भिड़ने के लिए अलग तरह की तैयारी करना निश्चित रूप से बड़ी चुनौती है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीतने वाली आस्ट्रेलियाई टीम की अगुआई करने वाले कमिंस पर सनराइजर्स हैदराबाद की किस्मत बदलने की बड़ी जिम्मेदारी है जो पिछले सत्र में अंतिम पायदान पर रही थी।

### डिसिल्वा-मेंडिस के शतक श्रीलंका 280 रन पर ढेर

**सिलहट।** कप्तान धनंजय डिसिल्वा (102) और कामिंदु मेंडिस (102) के शतकों से श्रीलंकाई टीम शुक्रवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन शुरुआती झटकों से उबरकर पहली पारी में 280 रन बनाने में सफल रही।



स्टंप तक श्रीलंका ने बांग्लादेश के 32 रन तक तीन विकेट झटक लिए थे। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद श्रीलंका ने 57 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद डिसिल्वा और कामिंदु दोनों ने समान 102 रन की शतकीय पारियां खेलकर टीम को संभाला।

## मियामी ओपन : कालिनिना ने वोज्नियाकी को दी शिकस्त

एजेंसी ⏭ मियामी गार्डन्स

यूक्रेन की 32वीं वरीयता प्राप्त अन्हेलिना कालिनिना ने हार की कगार पर पहुंचकर शानदार वापसी करते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलीन वोज्नियाकी को 5-7, 7-5, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैंपियन वोज्नियाकी ने दो साल बाद इसी टूर्नामेंट में टेनिस को अलविदा कह दिया था। वह दो बच्चों की मां बनने के बाद पिछले साल कोर्ट पर लौटी।



विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज बीट्रिज हदाद मेइया भी धीमी शुआत से उबरते हुए डायने पैरी को 3-6, 6-1, 6-4 से हराकर अगले दौर में पहुंच गई। महिला वर्ग के अन्य मैचों में 24वीं रैंकिंग वाली कैटी बूल्टर भी अगले दौर में पहुंच गई जब ब्रेंड एफ ने 7-6, 1-0 से पिछड़ने के बाद कोर्ट छोड़ दिया। मारिया सक्कारी, टेलर टाउनसेंड, अन्ना कालिन्स्काया, मेडिसन कीस भी अगले दौर में पहुंच गए। पुरुष वर्ग में केइ निशिकोरि को सेबेस्टियन ओफनेर ने 6-3, 6-4 से हराया।

## रॉयल्स टीम में जम्पा की जगह कोटियान, शरत टाइटंस से जुड़े

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुंबई को 42वां रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले तनुष कोटियान को आस्ट्रेलिया के एडम जम्पा के विकल्प के तौर पर शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किया गया।

कोटियान को उनके बेसप्राइज 20 लाख रुपए में खरीदा गया। पिछले सत्र में जम्पा ने रॉयल्स के लिए छह मैचों में आठ विकेट लिए थे। जम्पा ने टी20 विश्व कप के मद्देनजर कार्यभार का हवाला देकर जम्पा ने आईपीएल से नाम वापिस ले लिया। आफ स्पिनर और निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज



कोटियान ने मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की जीत में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए उनकी शिकायत की गई। कोटियान ने शानदार वापसी की और इस रणजी सत्र में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने 502 रन बनाने के साथ 29 विकेट लिए थे।

आईपीएल ने कर्नाटक के विकेटकीपर बल्लेबाज बी आर शरत के रोबिन मिंज की जगह गुजरात टाइटंस से जुड़ने की भी जानकारी दी। झारखंड के मिंज मोटर साइकिल दुर्घटना में घायल होने के कारण बाहर हो गए थे। शरत 20 लाख रुपए की बेसप्राइज पर टीम से जुड़े।



## रोहतक की चेष्टा ने जीता गोल्ड

**रोहतक।** हिसार के जुगलान में आयोजित हरियाणा स्टेट कुश्ती चैंपियनशिप के अंडर-15 में रोहतक की बेटी चेष्टा ने 39 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। चेष्टा इससे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी है। चेष्टा के पिता अमन भूटानी और कोच मनदीप ने शुक्रवार को बताया कि चेष्टा छोटूराम स्टेडियम में कड़ा अभयास करती है। कोच मनदीप ने चेष्टा को शुभकामनाएं और आशीर्वाद देते हुए कहा कि चेष्टा कड़ी मेहनत करती है। वह एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराएगी। वहीं, चेष्टा ने भी अपनी जीत का श्रेय कोच मनदीप को दिया है।

## साथियान ने जीता पहला डब्लूटीटी फीडर खिताब

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्लूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरुत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्लूटीटी फीडर बैरुत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3-1 (6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया।

महिला एकल में शिया लियान नि विजेता रही जिन्होंने सुह यो वोन को 11-9, 11-5, 11-5 से मात दी। पुरुष युगल में भारत के मानव ठक्कर और मानुष उत्पलभाई शाह फाइनल में एंडी परेरा और जॉर्ज कंपोस से 11-5, 7-11, 11-13, 12-14 से हार गए।

मिश्रित युगल में भारत की दिया चितले और मानुष शाह ने हमवतन मानव और अर्चना कामथ को 11-6, 10-12, 11-6, 11-6 से हराकर खिताब जीता।

## भारत अफगानिस्तान ने खेला गोलरहित ड्रॉ

एजेंसी ⏭ आभा

भारत और अफगानिस्तान ने फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में ग्रुप ए में गोलरहित ड्रॉ खेला और दोनों टीमें गोल करने का एक भी मौका भुना नहीं सकी। गुरुवार को देर रात खेले गए मुकाबले में भारत पहले हाफ में गोल करने के करीब पहुंचा जब मनवीर सिंह ने दो मौके बनाए लेकिन गोल नहीं हो सका। इस मैच के बाद भारत ग्रुप ए में तीन मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि कुवैत के तीन अंक है जिसे कतर ने 3-0 से हराया। अफगानिस्तान ग्रुप में चौथे स्थान पर है। डामाक स्टेडियम पर दोनों टीमों ने शुरुआत में काफी आक्रामक खेल दिखाया। अफगानिस्तान ने अपनी रफ्तार और कद काठी के दम पर दबदबा बनाने की कोशिश की तो भारतीयों की पासिंग अच्छी थी। जनवरी में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाले विक्रम प्रताप सिंह पहली बार अंतिम एकादश में उतरे और अफगान डिफेंस में सेंध मारने की बारंबार कोशिश की। भारत ने पहले ही मिनट से आक्रामक खेल दिखाया और 17वें मिनट में मनवीर अगर गोल कर देते तो भारत को 2026 विश्व कप और 2027 एएफसी एशियाई कप प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में दूसरे दौर के बाहरी मुकाबले में बढ़त मिल जाती।



## सिंधू, सेन हारे, श्रीकांत और राजावत की शानदार जीत

एजेंसी ⏭ बासेल

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापानी युवा खिलाड़ी से हार गई जबकि लक्ष्य सेन को प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के ली चिया हाओ ने हराया। भारत के किदाम्बी श्रीकांत, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज अपने अपने मुकाबले जीतकर पुरुष एकल वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में दूसरे दौर में बाहर हुई सिंधू को जापान की 17 वर्ष की जूनियर विश्व चैंपियन तोमोका मियाजाकी के हाथों 21-16, 19-21, 16-21 से पराजय झेलनी पड़ी। वहीं सेन को सिर्फ 38 मिनट में ली चिया हाओ ने 21-17, 21-15 से हराया। श्रीकांत ने मलेशिया के दूसरी वरीयता प्राप्त ली जि जिया को 21-16, 21-15 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि राजावत ने चीन के लेइ ला शि को 21-14, 21-13 से हराया।



## हरियाणा के 15 मुक्केबाज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ग्रेटर नोएडा।** हरियाणा के मुक्केबाजों ने सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन प्रभावी प्रदर्शन किया और नौ लड़के तथा छह लड़कियां क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। उदय सिंह ने 37 किलो वर्ग में पंजाब के रणवीर को 5-0 से हराया। रवि सिहाग (49 किलो), लक्ष्य (52 किलो) और नमन (58 किलो) भी बड़े अंतर से जीतकर आगे पहुंचे। संचित जयानी (46 किलो), अर्पित (55 किलो) और अनमोल दहिया (64 किलो) ने भी अपने अपने मुकाबले जीत लिए। सिद्धांत (61 किलो) ने तमिलनाडु के एम डी देवा आकाश को 3-2 से हराया।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट सेन्टर, मुंबई
ई-मेल: crpd@sbi.co.in
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

जाहिरात क्र.: CRPD/SCO/2023-24/34

| पद का नाम | रिक्त | समतुल्य श्रेणी |
|---|---|---|
| प्रमुख (कॉर्पोरेट संचार एवं विपणन) | 01 | टीईजीएस-VII |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"→"Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 20.03.2024 से 09.04.2024 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 20.03.2024
**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**



# ई-कॉमर्स मंचों पर राजनीतिक दलों के सामानों की मची धूम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में आम चुनाव-2024 के करीब आते-आते राजनीतिक उत्साह ई-कॉमर्स क्षेत्र में भी व्याप्त हो गया है। ई-कॉमर्स मंचों पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल सबसे ज्यादा देखा जा रहा है।

■ झंडे से लेकर पेंडेंट और पेन तक विविध प्रकार के सामान उपलब्ध

ये ऑनलाइन मंच चुनाव से संबंधित सभी उत्पाद जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'कमल' से लेकर पुरानी समुद्री घड़ियों पर आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि पेश करते हैं।

## ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल व सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य

### ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई

इस प्रवृति पर अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट से प्रतिक्रिया मांगने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों मंचों से प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, ई-कॉमर्स मंच पर इन सामानों के आपूर्तिकर्ताओं में से एक ने खुलासा किया कि लोकसभा चुनावों में ऐसी वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई।



### ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव

आपूर्तिकर्ता ने कहा, 'पहले, हमारी आपूर्ति दुकानों को होती थी, लेकिन ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव को देखते हुए हमें इसे अपनाना ही ठीक लगा।' लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से सात चरणों में होने हैं। मतगणना चार जून को होगी।

### उत्पाद की विस्तृत श्रृंखला

उदाहरण के लिए, 'नमो' मर्चेंडाइज वेबसाइट 'मोदी का परिवार', 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'मोदी की गारंटी', और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का दावा करती है।

### प्रवृत्ति की शुरुआत 2019 के चुनाव से

बस, किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर किसी भी राजनीतिक दल का नाम दर्ज करें, और झंडे से लेकर पेंडेंट (गले में पहना जाने वाला) और पेन तक विविध प्रकार के सामान पेज पर आ जाएंगे। एक ई-कॉमर्स मंच की एक प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रवृत्ति शुरू में 2019 के चुनावों के दौरान उभरी जब ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल और सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गए।

### वेबसाइटों पर बेची जा रही सामग्री

प्रतिनिधि ने कहा, 'जब सब कुछ ऑनलाइन बेचा जाता है, तो यह क्यों नहीं। ...और विक्रेता ही इसे हमारे मंच पर डालते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को बस यह जांचना है कि यह नियमों का पालन करता है कि नहीं।' विशेष रूप से, कुछ राजनीतिक दलों ने स्वयं अपनी-अपनी वेबसाइटों पर ऐसे माल बेचने में सक्रियता दिखाई है।

NOTICE

I, Rajbala W/o JC-348547Y Ex Sub Jai Singh Sehrawat R/o Village karela Teh. Julana District Jind Haryana declare that I have changed my name from Raj Bala Sehrawat to Rajbala and DOB from 15.10.1967 to 05.08.1969 for all purpose.

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
In The Court of Ms. Bhawna Jain, Principal Judge, Family Court, Camp Court, Bahadurgarh
Tammana Minor through her mother Smt. Poonam
Vs.
General Public
CNR No. HRJR01-000248-2024
Next Date : 23.05.2024
PUBLICATION ISSUED TO :
GENERAL PUBLIC : GENERAL PUBLIC
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 23.05.2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Principal Judge, Family Court, Camp Court, Bahadurgarh
Dated, this day of 21.03.2024

## डॉलर के मजबूत होने से एशियाई मुद्राएं हुई कमजोर

# रुपया 35 पैसे लुढ़ककर 83.48 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचा

प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने तथा एशियाई मुद्राओं के कमजोर होने के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 35 पैसे की भारी गिरावट के साथ 83.48 (अस्थायी) प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी कोषों की बाजार से धननिकासी के कारण भी रुपये की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.28 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला तथा कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले 35 पैसे औंधे मुंह लुढ़ककर 83.48 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।



■ अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपए में 35 पैसे की भारी गिरावट

■ विदेशी कोषों की बाजार से धन निकासी से रुपया हुआ प्रभावित

### दिसंबर 2023 को 83.40 के निम्न स्तर पर पहुंचा था

कारोबार के दौरान रुपये ने 83.52 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छुआ था। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 83.13 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस तरह डॉलर के मुकाबले रुपये में 35 पैसे की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इससे पूर्व 13 दिसंबर, 2023 को रुपये ने 83.40 प्रति डॉलर के निम्नतम स्तर को छुआ था।

**कमजोर यूरो, पाउंड के कारण डॉलर हुआ मजबूत**

*शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि कमजोर यूरो और पाउंड के कारण अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ। यूरो में गिरावट आने की वजह यह रही कि स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) ने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत से लेकर 1.5 प्रतिशत तक की कटौती कर बाजारों को आश्चर्यचकित कर दिया।*

### ईसीबी द्वारा ब्याज कटौती की संभावना बढ़ी

इससे जून 2024 में यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी) द्वारा ब्याजदर में कटौती की संभावना बढ़ गई है। बैंक ऑफ इंग्लैंड के ब्याज दर को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने के बाद पाउंड में भी गिरावट आई। चौधरी ने कहा कि अमेरिका के मजबूत आर्थिक आंकड़ों ने भी अमेरिकी डॉलर का समर्थन किया।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.50 अरब डॉलर



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में 6.396 अरब डॉलर बढ़कर 642.492 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर की उच्च वृद्धि के साथ 636.095 अरब डॉलर हो गया था।

### रुपए की गिरावट थामने मुद्रा भंडार का उपयोग

अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया जिससे मुद्रा भंडार में थोड़ी कमी आई थी।

### स्वर्ण आरक्षित भंडार बढ़ा

रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 42.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 51.14 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.276 अरब डॉलर हो गया।

### विदेशी मुद्रा आस्तियां बढ़ी

15 मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.034 अरब डॉलर बढ़कर 568.386 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने शुक्रवार को टाटा समूह के नियंत्रण वाली एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना उड़ान सेवा अवधि सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जनवरी में एयर इंडिया का मौके पर ऑडिट किया था। इस दौरान जमा किए गए सबूतों के आधार पर यह फैसला किया गया है। नियामक ने एक बयान में कहा, 'रिपोर्टों और सबूतों के विश्लेषण से पता चला कि एयर इंडिया लिमिटेड ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों चालक दल के सदस्यों के साथ उड़ान भरी थी।'

## सोना 875 रुपये टूटा, चांदी में 760 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 875 रुपये की गिरावट के साथ 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 760 रुपये की गिरावट के साथ 76,990 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल था, जो पिछले बंद भाव से 875 रुपये की गिरावट दर्शाता है।'

■ सोना घटकर 66,575 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंचा

■ चांदी घटकर 76,990 रुपए प्रति किलो ग्राम पर बंद

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
भारत सरकार (परमाणु ऊर्जा विभाग) का उद्यम
ईसीआईएल (पो.), हैदराबाद – 500 062, तेलंगाना

ईसीआईएल के साथ उज्वल भविष्य के लिए जुड़ें

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन भारत सरकार का उपक्रम उप प्रबंधक (तकनीकी) (ईजी-03) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि 23.03.2024 (1400 बजे) एवं अंतिम तिथि 13.04.2024 (1400 बजे) तक है।
संपूर्ण विवरण (योग्यताओं, अनुभव, आयु इत्यादि) एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया कंपनी की वेबसाइट https://www.ecil.co.in देखें।
विज्ञापन सं. 08/2024 उप महाप्रबंधक-मानव संसाधन (भर्ती)
CBC 48138/12/0006/2324

उत्तर रेलवे
भण्डार की आपूर्ति हेतु आमंत्रित निविदा
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत
आज़ादी का अमृत महोत्सव
टेंडर नोटिस सं. 25/2023-2024 दिनांक 21.03.2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/उत्तर रेलवे/भण्डार डिपो/यांत्रिक कारखाना/ अमृतसर द्वारा संभरणकर्ताओं से निम्नलिखित मदों के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 62245126 | Washer, Bush and Jig Bush with detailed Size, Specification and Quantity as per attached Annexure-I. | 400 sets | 18.04.2024 |

निविदा शर्तें– ireps की वैब साइट www.ireps.gov.in पर उपलबध है। सभी इच्छुक विक्रेताओं को ई–टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास ।।। डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त करना होगा। हस्तलिखित निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
917/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 190 अंक चढ़ा

**मुंबई।** अमेरिकी बाजारों में रिकॉर्ड तेजी और एलएंडटी, आईटीसी एवं मारुति सुजुकी जैसे प्रमुख शेयरों में मजबूती के बीच घरेलू शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व से इस साल दरों में तीन कटौतियों का संकेत मिलने के बाद शेयर बाजार में सकारात्मक माहौल बना हुआ है। कारोबारियों ने कहा कि हालांकि आईटी और तकनीकी शेयरों में भारी बिकवाली ने सूचकांकों पर दबाव बनाए रखा और उनकी बढ़त को सीमित कर दिया। शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद बाजारों ने शानदार सुधार दर्ज किया।

■ अमेरिकी बाजार में रही रिकॉर्ड तेजी

**टाटा केमिकल्स पर 103 करोड़ का जुर्माना लगा (नई दिल्ली)।** आयकर विभाग ने ब्याज की अस्वीकृति से संबंधित नियम के उल्लंघन के लिए टाटा केमिकल्स पर 103.63 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। उसे आयकर विभाग के नेशनल फेसलेस असेसमेंट सेंटर से एक आदेश मिला है, जिसमें धारा 36 (1) के तहत ब्याज की अस्वीकृति के लिए आयकर अधिनियम की धारा 270 ए (3) के तहत 103.63 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

ज्योतिष

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59
8586896357

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

जॉब

☞ भारतीय वनविभाग ने निकाला वामपर ऑफर, वनविभाग में 5070 सीट पर सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट वैसेस पर (10th, 12th पास) लड़का लड़कियां आवेदन करें, पद- फॉरेस्टगार्ड क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-(28670 से 35670), कॉल या व्हाट्सअप करे-9046968782

# रबी फसलों की सुचारू खरीद के लिए जिला उपायुक्तों को निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 26 मार्च से सरसों और 1 अप्रैल से गेंहू सहित रबी फसलों की खरीद हेतु प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही, मंडियों और खरीद केंद्रों में उचित सफाई व्यवस्था और अन्य बुनियादी न्यूनतम सुविधाएँ भी सुनिश्चित की जाए। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने बताया कि खरीद प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए आज जिला उपायक्तों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अलावा, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी, जो जिला इंचार्ज हैं, वे भी अपने अपने जिलों में मंडियों का निरीक्षण करेंगे। निर्देशों के अनुसार जिला उपायुक्त अपने जिलों में इन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करें और खरीद कार्यों की निगरानी करेंगे। जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मंडियों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चार खरीद एजेंसियां खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड, एचएसडब्ल्यूसी और एफसीआई (केंद्रीय एजेंसी) फसलों की खरीद करेगी। पंजीकृत किसानों को ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से एमएसपी के लिए उनके बैंक खातों में ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा। सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से सभी मापदंडों की मैपिंग और निगरानी की सुविधा प्रदान की जाएगी। सुमिता मिश्रा ने बताया कि खरीद के दौरान कार्य सुचारू और निर्बाध तरीके से संचालित हो और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पुलिस महनिदेशक को भी मंडियों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, यातायात को भी नियंत्रित किया जाएगा कस्बों में अन्य यात्रियों को यातायात जाम/भीड़ के कारण कोई असुविधा न हो।

■ वरिष्ठ आईएएस अपने अपने जिलों में मंडियों का करेंगे निरीक्षण

## सेबी ने म्यूचुअल फंडों को विदेशी ईटीएफ में निवेश करने से रोका

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने कुछ म्यूचुअल फंडों को फ्रेश सब्सक्रिप्शन लेने से मना किया है। सेबी का यह निर्देश वैसे फंड ऑफ फंड्स के लिए है, जो विदेशी एक्सचेंजों पर लिस्टेड एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों यानी ईटीएफ में निवेश करते हैं। ये फंड 1 अप्रैल से नया सब्सक्रिप्शन नहीं ले पाएंगे। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने यह नया निर्देश ऐसे समय जारी किया है, जब संबंधित फंडों में आरबीआई के द्वारा सेट की गई लिमिट पूरी होने वाली है।

THE ROHTAK CO-OP. MARKETING SOCIETY LTD.
ROHTAK-124001
सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रोहतक मण्डी में सरसों की खरीद रबी RMS-2024-25 के लिए लेबर कॉन्ट्रैक्टर की आवश्यकता है। जो कुशल लेबर कॉन्ट्रैक्टर दि रोहतक सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि. नई अनाज मण्डी, दुकान नं. 21ए, रोहतक के माध्यम से काम लेने के इच्छुक हो वह दिनांक 26.03.2024 को दिन के 10:00 बजे तक अपना आवेदन जमा करे। टैण्डर फार्म प्रबंधक कमेटी के सामने 10:00 बजे खोला जाएगा तथा प्रबंधक कमेटी को टैण्डर फार्म में कमी पाई गई व पूर्ण शर्त न होने की सूरत में रद्द करने का अधिकार होगा। बाकी शर्तें समिति कार्यालय से कार्य दिवस के दिन प्राप्त करें।
हस्ता/– Manager, The Rohtak Co-Op. Marketing Society Ltd., Rohtak

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त रवि कुमार, पुत्रः रामपाल, पताः गांव कासनी, मकान नंबर 2280, जिला झज्जर, हरियाणा ने FIR No. 145/2019, दिनांक 02.09.2019, U/s 279/338 IPC & 146/196 M.V. Act, थानाः सिविल लाइंस, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त रवि कुमार मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त रवि कुमार फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 145/2019, दिनांक 02.09.2019, U/s 279/338 IPC & 146/196 M.V. Act, थानाः सिविल लाइंस, दिल्ली के उक्त अभियुक्त रवि कुमार से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 02.05.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
महानगर दण्डाधिकारी
केंद्रीय, कमरा नंबर 247,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/3251/N/2024-(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान–सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान–सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान–सम्मान मिलेगा। शासन–सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 5461



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना–5
5.चतुर, जहीन–5
9.दया, तरस–3
10.कामदेव–3
11.लीन, तल्लीन–2
13.बोली, आवाज–2
14.राजदुर्वा–2
15.एक प्रकार का बिस्किट–2,3
18.मत, सलाह–2
19.जो लायक न हो–4
20.अधीनस्थ–4
21.कहानी, गाथा–2
22.श्रवणेंद्रिय–2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा–4
26.दान देने वाला–4
29.वरदान, दूल्हा–2
30.पत्नी का नाना–2,3
33.सूर्य, दिनकर–2
34.भीगा हुआ–2
35.सुर आलाप–2
36.फूलों का रस,अर्क–3
38.तरंग, हिलोर–3
41.जरुरतमंद–5
42.सेंधमार–5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण–5
2.टैक्स,हाथ–2
3.महीना, मास–2
4.नामवर, प्रसिद्ध–4
5.संधि, सामंजस्य–4
6.सरुर, नशा–2
7.झंकार–2
8.रमण योग्य–5
12.तगारी, नांद–3
13.सुअर–3
15.अभिमान मर्दित होना –2,3
16.समाप्त–2
17.नेकनीयत–5
23.हनुमान–3,2
24.मुलायम–3
25.उम्मीद, आशा–2
27.बहादुरी–3
28.शिव, रविलोचन–2,3
31.नामचीन–4
32.सुसंचालन–4
36.चेहरे का तेज, दर्प–2
37.रिश्तेदार–2
39.अधिकार–2
40.ईश्वर, भगवान–2

### शब्द पहेली- 5460 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |

## सूडोकु नवताल - 5472

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5471 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# अमेरिका में 25 मार्च से निकलेगी राम मंदिर रथ यात्रा

**60 दिन में 48 राज्य 851 मंदिरों तक जाएगी**



*शिकागो। अमेरिका के शिकागो से शुरू होने वाली राम मंदिर रथ यात्रा दो महीने तक चलने वाली है, जिसमें भारी संख्या में लोगो के शामिल होने की उम्मीद है। विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) इस यात्रा का आयोजन कर रहा है। वहीं रथ यात्रा के कनाडा खंड का आयोजन कनाडा के विश्व हिंदू परिषद कर रहा है, जो अलग तरह का कार्यक्रम होगा। दर्जनों स्वयंसेवकों ने वीएचपीए के साथ पंजीकरण कराया है। यात्रा के दौरान, जनवरी में अमेरिका में राम मंदिर उद्घाटन समारोह में भाग लेने वाले मंदिरों को भी भागीदारी का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।*





- कनाडा में रथ यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा करेगी
- अमेरिका में पहली बार राम मंदिर रथ यात्रा का हो रहा आयोजन
- 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन राम रथ यात्रा का होगा समापन
- 851 अमेरिका के मंदिरों को करेगी कवर
- 150 कनाडा के मंदिरों तक जाएगी
- 8 हजार मील की दूरी तय करेगी
- शिकागो से शुरू होगी रथ यात्रा

### यह भी विशेष

- *रथ यात्रा का उद्देश्य लोगों को हिंदू धर्म के बारे में जागरूक करना, शिक्षित और सशक्त बनाना है। आने वाली पीढ़ी के लिए जागरुकता बढ़ाने और दुनिया भर में हिंदू धर्म का प्रसार करने के अभियान में एकजुट होना बहुत जरूरी है।*
- *टोयोटा सिएना वैन को रथ जैसा रूप दिया जाएगा। इसके ऊपर बने रथ में भगवान राम, देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी। उनके साथ अयोध्या के राम मंदिर से विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत का कलश ले जाया जाएगा।*
- *रथयात्रा का आयोजन करने वाले विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के महासचिव अमिताभ मित्तल और हिंदू मंदिर सशक्तिकरण परिषद की तेजल शाह नेतृत्व कर रहे हैं।*

---

## दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में अनियमितताओं का मामला

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में आप, अन्य दलों का प्रदर्शन

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी समेत देशभर में आम आदमी पार्टी (आप) और अन्य राजनीतिक दलों ने प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आप के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ प्रदर्शन किया।

आईटीओ पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने इस क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए कहा। इसके बाद पुलिस ने कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज को हिरासत में ले लिया। आईटीओ के करीब ही भाजपा और आप के मुख्यालय हैं। पुलिस ने प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय और ईडी कार्यालय जाने वाले मार्गों को बंद कर दिया गया। इससे आईटीओ चौराहे, राजघाट तथा विकास मार्ग पर बड़े स्तर पर यातायात अवरुद्ध हुआ। दिल्ली यातायात पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी परामर्श में कहा, ''दिल्ली के डीडीयू मार्ग पर राजनीतिक दल के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर आईपी मार्ग, विकास मार्ग, मिंटो रोड और बहादुर शाह जफर मार्ग पर भारी यातायात रहेगा।

- पार्टी बोली– यह भाजपा की सबसे बड़ी राजनीतिक गलती
- 'अरविंद तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं' के नारे भी लगाए
- आईटीओ चौराहे, राजघाट तथा विकास मार्ग पर बड़े स्तर पर यातायात अवरुद्ध हुआ

### पुलिस ने आतिशी, सौरभ भारद्वाज को हिरासत में लिया



### दिल्ली विधानसभा की बैठक रद

*❒ राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को पानी और सीवरेज के मुद्दों पर होने वाली दिल्ली विधानसभा की बैठक को रद्द कर दिया गया है। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। सदन की अगली बैठक 27 मार्च को होगी।*

### केजरी की हिरासत के चलते आप के शीर्ष नेताओं की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी

*❒ आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को एक अदालत द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेजे जाने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव संदीप पाठक, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज सहित आप के शीर्ष नेताओं की भूमिका और जिम्मेदारियां बढ़ने की संभावना है।*

*❒ अब तक राजनीति से दूरी बनाए रखने वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता की नयी भूमिका संभालने की संभावना पर भी कयास लगाए जा रहे ।*

*❒ मान ने कहा कि हमारी पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) है। हम बैठक करेंगे।'*

### मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी दिल्ली के लोगों के साथ धोखा: केजरीवाल की पत्नी



**नई दिल्ली (भाषा)।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख की गिरफ्तारी दिल्ली के लोगों के साथ धोखा है। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार रात दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार कर लिया था। सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आपके तीन बार चुने गए मुख्यमंत्री को मोदी जी ने सत्ता के अहंकार में गिरफ्तार करवाया। सभी को कुचलने में लगे हैं। यह दिल्ली के लोगों के साथ धोखा है।

### पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी



पंजाब के सीएम भगवंत मान ने केजरीवाल के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है। देश में अघोषित आपातकाल के हालात हैं।

### ईडी को कोई सबूत नहीं मिले



दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने गिरफ्तारी पर रोष जाहिर किया। उन्होंने अरेस्ट करने की नीति पर सवाल खड़े किए। दावा किया कि ईडी ने कोई सबूत पेश नहीं किए।

### भारद्वाज को हाईकोर्ट की फटकार, जेल भेज देंगे



दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप नेता सौरभ भारद्वाज को फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने क्लिनिकल प्रतिष्ठानों को रेगुलेट करने के लिए कानून बनाने पर न्यायिक आदेशों का पालन नहीं करने पर भारद्वाज को फटकारा और स्वास्थ्य सचिव एसबी दीपक को चेतावनी दी। हाई कोर्ट ने सौरभ को चेतावनी दी कि इसके लिए उन्हें जेल भेजा जा सकता है।

### जेल में रहूं या बाहर, जीवन राष्ट्र को समर्पित : केजरी

***नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि उनका जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित है, चाहे वह जेल के अंदर हों या जेल के बाहर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को यहां राउज एवेन्यू अदालत में पेश किया और उनकी 10 दिन की हिरासत का अनुरोध किया। अदालत में पेश किये जाने के दौरान केजरीवाल ने 'टीवी9 नेटवर्क' से कहा, ''मेरा जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित है, चाहे मैं जेल के अंदर रहूं या बाहर।''*

### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल की प्रतिक्रिया

## गलती की तो पड़ेगी मार... भ्रष्टाचार पर वार भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी हथियार

**विपक्ष को एक सूत्र में बांधने का एकमात्र एजेंडा 'भ्रष्टाचार' ही रहा गया, केजरी की गिरफ्तारी ने 2024 का बड़ा एजेंडा दे दिया**

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाले में गिरफ्तारी ने लोकसभा चुनावों का एजेंडा सेट कर दिया है। भाजपा का कहना है कि केंद्र भ्रष्ट नेताओं पर सख्त कार्रवाई कर रही है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। यदि किसी ने भ्रष्टाचार किया है तो उसे इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। चाहे वह कितने ही बड़े पद पर क्यों न हो? यानी इस मुद्दे के साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों का एजेंडा सेट हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने कहा कि विपक्ष को एक सूत्र में बांधने का एकमात्र एजेंडा 'भ्रष्टाचार' ही रह गया है। केजरीवाल जिस कांग्रेस को भ्रष्ट बताते थे, राहुल, सोनिया गांधी, लालू प्रसाद यादव और शरद पवार को भ्रष्ट बताते थे, आज वे उन्हीं के साथ खड़े हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि उन्हें लगता है कि भ्रष्टाचार के मामले में अब उनका बचना संभव नहीं रह गया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र का हर वादा निभाया है। राम मंदिर बनवाना हो या 370 को समाप्त करना, तीन तलाक से मुक्ति हो या गरीबों का कल्याण करना, केंद्र सरकार ने अपना हर वादा निभाया है। पीएम ने अपने चुनावी अभियान में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करने का भी वादा किया था।



### सीएम बने रहना, जनता, कानून और लोकतंत्र का अपमानः अनुराग ठाकुर

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने केजरी के उस बयान की आलोचना की है, जिसमें उन्होंने जेल से सरकार चलाने की बात कही है। यह जनता, कानून और लोकतंत्र का अपमान है। उन्होंने पूछा कि क्या केजरी खुद को कानून से ऊपर मानते हैं। ईडी के नौ समन को नजरअंदाज किया। और जांच में शामिल होने से इनकार कर दिया। केंद्रीय मंत्री ने पूछा, 'क्या उन्हें लगता है कि वह कानून से ऊपर हैं?' सीएम बने रहने का उनका निर्णय दिल्ली के लोगों, कानून और लोकतंत्र का अपमान है। अपने देश का इतिहास है कि जब किसी पर कोई आरोप लगता है तो वह सबसे पहले अपना इस्तीफा देता है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के मुद्दे पर निर्वाचन आयोग पहुंचे विपक्षी दल



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि में शुक्रवार को निर्वाचन आयोग का रुख किया और यह आग्रह किया कि वह विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के ''दुरुपयोग'' को रोकने के लिए हस्तक्षेप करे। निर्वाचन आयोग से मुलाकात करने वाले विपक्षी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने यह दावा किया कि जांच एजेंसियों का दुरुपयोग लोकसभा चुनाव में समान अवसर की स्थिति को खत्म करना है जिसका चुनाव की निष्पक्षता एवं स्वतंत्रता पर प्रभाव पड़ता है।

---

### सुप्रीम कोर्ट में एजेंसी की याचिका खारिज

# ईडी को आरोपितों की गिरफ्तारी का आधार लिखित में देना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने उस फैसले पर पुनर्विचार संबंधी केंद्र की याचिका खारिज कर दी, जिसमें कहा गया था कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को बिना किसी अपवाद के किसी आरोपित की गिरफ्तारी का आधार लिखित रूप में बताना होगा। न्यायालय ने यह भी कहा कि उसके निर्णय में कोई त्रुटि नहीं है, जिसपर पुनर्विचार की आवश्यकता हो। न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना व न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने 'चैंबर' में समीक्षा याचिका पर विचार किया और आदेश पारित किया। पीठ ने 20 मार्च को सुनाए गए अपने आदेश में कहा, 'हमने पुनर्विचार याचिकाओं और संबंधित कागजातों का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया है। हमें विवादित आदेश में ऐसी कोई त्रुटि नहीं मिली है, जो अस्पष्ट हो और इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता हो। तदनुसार, पुनर्विचार याचिकाएं खारिज की जाती हैं।



**हमारे निर्णय में त्रुटि नहीं पुनर्विचार की आवश्यकता नहीं**

### केंद्र ने किया था आदेश की समीक्षा का अनुरोध

न्यायालय ने पुनर्विचार याचिका की सुनवाई खुली अदालत में किए जाने के केंद्र के अनुरोध को भी खारिज कर दिया। केंद्र ने शीर्ष अदालत के तीन अक्टूबर के उस आदेश की समीक्षा का अनुरोध किया था, जिसमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों के साथ-साथ गिरफ्तारी मेमो को भी रद कर दिया गया था। साथ ही न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में गुरुग्राम स्थित रियल्टी समूह एमउएम के निदेशकों-बसंत बंसल और पंकज बंसल-को रिहा करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने ईडी को कड़ी फटकार लगाई थी।

### एएसआई ने भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया

**धार (मप्र)(हरिभूमि न्यूज)।** मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के आदेश पर ज्ञानवापी की तरह धार स्थित भोजशाला का वैज्ञानिक सर्वे कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो गया। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की टीम भोजशाला का सर्वे कर रही है। इसका सर्वेक्षण करने के लिए एएसआई की 20 सदस्यीय टीम सुबह 6 बजे भोजशाला परिसर में पहुंची। सर्वे टीम दोपहर में नमाज से पहले भोजशाला परिसर से बाहर आ गई थी। अब दूसरे चरण का सर्वे शनिवार को होगा। इधर, मुस्लिम पक्ष की सर्वे पर रोक लगाने संबंधी याचिका पर अर्जेंट हियरिंग वाली मांग सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। इससे पहले मजदूरों को मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद प्रवेश दिया गया है। इस क्षेत्र की निगरानी 60 कैमरों की मदद से की जा रही है। भोज उत्सव समिति के संयोजक गोपाल शर्मा ने बताया कि सर्वे के पहले दिन भोजशाला की लंबाई-चौड़ाई का मेजरमेंट हुआ है। जिन स्थानों पर चिन्ह लगे हुए हैं, वहां की वीडियोग्राफी की गई है।

**सर्वे पर तुरंत सुनवाई वाली याचिका खारिज**

### कुटुम्ब अदालत की टिप्पणी

## मांग में सिंदूर लगाना एक पत्नी का 'धार्मिक दायित्व'

**इंदौर (भाषा)।** इंदौर के कुटुम्ब अदालत (फैमिली कोर्ट) ने हिंदू समुदाय के दम्पति के मामले में पारित आदेश में कहा है कि मांग में सिंदूर लगाना एक पत्नी का धार्मिक दायित्व है और इससे यह मालूम पड़ता है कि महिला विवाहित है। कुटुम्ब अदालत के प्रधान न्यायाधीश एनपी सिंह ने महिला (37) को उसके पति के पास तुरंत लौटने का आदेश देते हुए टिप्पणी की। महिला करीब पांच साल से अपने पति से अलग रह रही थी और उसके पति ने दाम्पत्य जीवन की बहाली के लिए हिंदू विवाह अधिनियम के तहत इस अदालत में अर्जी दायर की थी। अदालत ने यह अर्जी स्वीकार करते हुए एक मार्च को पारित आदेश में कहा, ''जब अदालत में राखी (परिवर्तित नाम) के कथन हुए, तो राखी ने स्वीकार किया कि वह मांग में सिंदूर नहीं लगाए हुए है।

### उच्च न्यायालय का फैसला

## मदरसा शिक्षा अधिनियम 2004 को 'असंवैधानिक' घोषित

**लखनऊ (भाषा)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को 'उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004' को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के प्रति उल्लंघनकारी करार देते हुए उसे 'असंवैधानिक' करार दिया। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा है कि उनके वकील सम्भवतः अदालत के सामने अपना पक्ष सही तरीके से नहीं रख सके, इसीलिए यह निर्णय आया है। बोर्ड उच्च न्यायालय के निर्णय का अध्ययन करने के बाद तय करेगा कि आगे क्या करना है। वहीं, आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा है कि उच्च न्यायालय के इस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जानी चाहिए।

### नेतन्याहू ने किया विरोध

## अरब मंत्रियों और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की मुलाकात

**काहिरा(एजेंसी)।** अरब मंत्रियों और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने काहिरा में फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन (पीएलओ) की कार्यकारी समिति के महासचिव हुसैन अल-शेख - फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के विश्वासपात्र के साथ बातचीत की। अब्बास का फिलिस्तीनी प्राधिकरण, जो कब्जे वाले वेस्ट बैंक पर सीमित नियंत्रण रखता है। लड़ाई समाप्त होने के बाद गाजा के प्रशासन में भूमिका निभा सकता है। हालांकि इजराइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़ा विरोध व्यक्त किया है।



## रूस का यूक्रेन पर हमला विद्युत संयंत्र हुआ तबाह

**रात के समय किए गए ड्रोन और रॉकेट हमले**



### 'निप्रो पनबिजली संयंत्र' में लग गई आग

कीव। रूस ने पुतिन के फिर सत्ता में आने के बाद यूक्रेन पर हमला तेज कर दिया है। रूस ने यूक्रेन पर दूसरा सबसे बड़ा हमला किया है। रूसी सेना ने इस बार यूक्रेन के सबसे बड़े जलविद्युत संयंत्र सहित देश के कई हिस्सों में बिजली सुविधाओं पर हमला किया, जिससे बड़े पैमाने पर कई शहरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इन हमलों के कारण कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई। खारकीव क्षेत्र में ऊर्जा सुविधाओं पर हमलों के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

## इसरो का पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान स्वायत्त लैंडिंग मिशन के तहत सफल परीक्षण



**बेंगलुरु(एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार की सुबह अपने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) की लैंडिंग का सफल परीक्षण किया। इसका नाम पुष्पक है। लैंडिंग आंध्र प्रदेश के चित्रदुर्ग चल्लाकेरे में की गई। यहां डीआरडीओ की एक फैसिलिटी है, जहां पर इसकी लैंडिंग और टेकऑफ टेस्ट होते हैं। पुष्पक खास तरह का स्पेस शटल है, जो अंतरिक्ष में सैटेलाइट्स और कार्गो ले जाने का काम करेगा। इससे पहले 2 अप्रैल 2023 को इसरो, डीआरडीओ और भारतीय वायुसेना ने मिलकर इसका लैंडिंग टेस्ट किया था। उस समय चिनूक हेलिकॉप्टर से पुष्पक को 4.5 किमी की ऊंचाई से छोड़ा गया था।

### अमेरिका ने जासूसी के लिए तीन सैटेलाइट लॉन्च किए

वर्जीनिया। अमेरिका की कंपनी रॉकेट लैब ने गुरुवार दोपहर 12.55 बजे वर्जीनिया से जासूसी के लिए बनाई गई तीन सैटेलाइट्स को इलेक्ट्रॉन रॉकेट से लॉन्च किया। इस मिशन का नाम एनआरओएल-123 है। कंपनी इसे लाइव एंड लेट फ्लाई भी कहती है। यह 5वां मिशन था जिसे रॉकेट लैब ने नेशनल रिकॉनिसेंस ऑफिस यानी एनआरओ के लिए लॉन्च किया। अन्य चार को न्यूजीलैंड से कंपनी के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 1 से लॉन्च किया गया था। नेशनल रिकॉनिसेंस ऑफिस अमेरिकी सरकार की एजेंसी है जो खुफिया उपग्रहों को डिजाइन, बिल्ड, लॉन्च और मेंटेन करती है। 1960 में

**रॉकेट लैब के इलेक्ट्रॉन रॉकेट से हुई लॉन्चिंग**

### हैती से 12 लोगों का जत्था निकला

## भारतीयों की निकासी के लिए 'ऑपरेशन इंदिरावती' शुरू



◆ जयशंकर ने ट्वीट कर शेयर की फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हैती से भारतीय नागरिकों की निकासी के लिए भारत ने ऑपरेशन इंद्रावती शुरू किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और भलाई के लिए हमारी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। हैती से भारतीय नागरिकों को निकालकर डोमिनिकन गणराज्य भेजा जाएगा। हैती से 90 भारतीयों को भी निकाला जाएगा।

### डोमिनिकन गणराज्य सरकार को भी धन्यवाद दिया



*जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत ने हैती से 12 भारतीयों को निकाला है। उन्होंने डोमिनिकन गणराज्य सरकार को भी धन्यवाद दिया है। पोस्ट के साथ-साथ जयशंकर ने एक्स पर एक तस्वीर भी शेयर की है। गौरतलब है कि हैती में भारत का कोई दूतावास नहीं है। वहां के हालातों पर डोमिनिकन की राजधानी सैंटो डोमिंगो में स्थित भारतीय मिशन द्वारा निगरानी रखी जा रही है।*

### प्रधानमंत्री दे चुके हैं इस्तीफा

बता दें, हिंसा और लूटपाट के कारण हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने देश में शांति बहाल करने की अपील की थी। कैरिबियाई देश हैती में गृह युद्ध से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। देश में फैली हिंसा के कारण 3,62,000 हैती वासियों को विस्थापित होना पड़ा।

चिंतन

# भ्रष्टाचार के विरोध से करप्शन के आरोप तक

दिल्ली शराब घोटाले की आंच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तक पहुंच गई है। दसवें सम्मन के बाद करीब दो घंटे तक पूछताछ और उसके उपरांत ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा दिल्ली के सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी ने राष्ट्रीय राजधानी की सियासत में भूचाल ला दिया है। सीएम रहते हुए गिरफ्तारी का यह देश में पहला मामला है। आप व भाजपा के बीच जुबानी पारा गर्म है। आम आदमी पार्टी इस गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताते हुए इसे भाजपा नीत राजग सरकार की करतूत बता रही है, तो भाजपा की तरफ से कहा जा रहा है कि यह कानूनी प्रक्रिया है, कानून अपना काम कर रहा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ राजग सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। विपक्ष की ओर से केंद्रीय जांच एजेंसियां-सीबीआई, ईडी, एनआईए, गंभीर आर्थिक अपराध जांच शाखा (एसईएफआईओ) आदि पर विपक्ष को जानबूझकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया जा रहा है। इसके पीछे लॉजिक भी है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2014 से लेकर अब तक करीब 125 आरोपित बड़े नेता ईडी के रडार पर आए हैं, इनमें से करीब 119 नेता विपक्ष के हैं, यानी कि करीब दस वर्ष में ईडी ने जिन नेताओं पर एक्शन लिया है, उनमें से तकरीबन 95 फीसदी विपक्ष के हैं। यूपीए शासन के दौरान 2004 से 2014 तक ईडी ने 26 आरोपित नेताओं की जांच की, उनमें 14 विपक्ष के थे, करीब 54 फीसदी विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई हुई। इन आंकड़ों के चलते केंद्रीय जांच एजेंसियों पर बायस्ड होने का आरोप विपक्ष लग रहा है। हालांकि ये आरोप राजनीति के चलते लगाए जा रहे हों, क्योंकि यह हो सकता है कि चूंकि ईडी की ताकत राजग सरकार के दौरान बढ़ी है, इसलिए वह खुलकर काम कर पा रही है, वह भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकंजा कसा रही है। ईडी के शिकंजे में आए नेताओं पर लगे आरोपों को देखों तो सबमें एक पैटर्न दिखता है। इनमें से अधिकतर अपराध नीतिगत भ्रष्टाचार के हैं, कुछेक पद का दुरुपयोग कर व्यक्तिगत भ्रष्टाचार के हैं। दिल्ली शराब घोटाला भी एक प्रकार के नीतिगत भ्रष्टाचार का उदाहरण है। अधिक राजस्व हासिल करने के लिए दिल्ली सरकार ने अपनी आबकारी नीति में मनमाना बदलाव कर दिया, यह परवाह किए बिना कि पुरानी से अचानक नई में शिफ्ट होने पर पुरानी नीति के लाभार्थियों को नुकसान हो सकता है। हालांकि विरोध के बाद दिल्ली सरकार ने अपनी आबकारी नीति वापस ले ली थी, लेकिन इस नीति की खामियों के छींटे अनेक आप नेताओं पर पड़े हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ अण्णा आंदोलन की कोख से जन्मी आम आदमी पार्टी ने राजनीति में व्यवस्था परिवर्तन की उम्मीद जगाई थी, लेकिन इतने अल्पकाल में आप नेताओं पर भ्रष्टाचार की आंच ने उस उम्मीद को धूमिल कर दिया है। यूं तो अभी सीएम केजरीवाल कानूनी रूप से जेल में रहते हुए सरकार चला सकते हैं, विशेष संवैधानिक संकट के समय ही उन्हें इस्तीफा देना पड़ सकता है या जिद पर अड़े तो केंद्रीय विकल्प का इस्तेमाल हो सकता है, लेकिन आप ने जो स्वस्थ राजनीति और भ्रष्टाचार के खिलाफ स्वच्छ प्रशासन की अपनी छवि बनाई थी, केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद वह छवि तार-तार हो गई है। शराब घोटाले में ईडी के केजरी सरकार आरोपित नेताओं पर लगे आरोप की असली परीक्षा अदालत में होगी, तब तक सियासत करने वालों को संयम बरतना चाहिए। देश के सभी नेताओं को स्वायत्त जांच एजेंसियों और अदालत पर भरोसा रखना चाहिए। नीतिगत भ्रष्टाचार में आरोपित नेताओं को अपनी अंतरात्मा की आवाज पर राष्ट्रहित में अपना पद छोड़ देना चाहिए और जांच में सहयोग करना चाहिए।

शहीदी दिवस
अजय कुमार शास्त्री



# आर्य समाज के वटवृक्ष स्वामी ओमानंद सरस्वती

भारत भूमि ऋषि मुनियों की तपस्थली एवं कर्मस्थली है। यहां पर महापुरुषों ने समय-समय पर जन्म लेकर जन सेवा का पुण्य कार्य करके अपने जीवन को सार्थक किया है। कुछ महापुरुष अपनी जीवन पद्धति के क्रियाकलापों से मानव जीवन के गौरव की वृद्धि करते हैं। ऐसे महापुरुष स्वामी ओमानंद सरस्वती (भगवान सिंह) हमारे चरित्र नायक हैं। उनका जन्म दिल्ली प्रदेश के नरेला गांव में 22 मार्च 1911 को चौधरी कनक सिंह नंबरदार एवं माता श्रीमती नान्ही देवी के घर हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा मैट्रिक तक नरेला तथा उच्च शिक्षा सेंट स्टीफेंस कॉलेज दिल्ली में हुई। वहीं पर उनका परिचय भगत सिंह आदि क्रांतिकारियों के मित्र प्रोफेसर एनके निगम से हुआ। उनके राष्ट्रवादी विचारों से बहुत प्रभावित हुए। इसी दौरान 23 मार्च 1931 के दिन भगत सिंह एवं उनके साथियों को अंग्रेजों द्वारा फांसी देने की घटना से उनके मन में राष्ट्रवादी विचारों से उनके जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया और प्रतिज्ञा की कि 'मैं अब कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर देश सेवा का कार्य करूंगा।' भगवान सिंह ने अब गांव में ही आर्य समाज और कांग्रेस का कार्य करना आरंभ कर दिया। सन 1931 में भारत अंग्रेजों की परतंत्रता से मुक्त होने के लिए उठ खड़ा हुआ था। लगभग 2 वर्ष पूर्व राम प्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, अशफाक उल्ला आदि क्रांतिकारी भारत माता की सेवा में अपना बलिदान दे चुके थे। आजादी पाने के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन आरंभ हो चुका था। ऐसे विकट समय में युवा भगवान सिंह ने भारत माता को स्वतंत्र कराने का संकल्प लिया। ऐसे समय में इनके जीवन में अनेक घटनाएं अनायास घट रही थी। आप अपने



साथियों के साथ आर्य समाज व कांग्रेस का कार्य अति उत्साह से कर रहे थे। आपने नमक सत्याग्रह में नरेला क्षेत्र का नेतृत्व किया। इस आंदोलन में नरेला क्षेत्र के अनेक क्रांतिकारी सत्याग्रही गिरफ्तार कर लिए गए। आपने अनुभव किया कि 'राष्ट्र सेवा का कार्य आजीवन ब्रह्मचारी रहकर ही भली भांति किया जा सकता है।' यह अटल निश्चय करके आपने 1936 में आर्य समाज नरेला के वार्षिक उत्सव पर हजारों लोगों की उपस्थिति में आजीवन ब्रह्मचारी रहने की भीष्म प्रतिज्ञा की और नैष्टिक ब्रह्मचारी की दीक्षा लेकर आप भगवान सिंह से ब्रह्मचारी भगवान देव बन गए। इस व्रत को धारण करके आपने गृह त्याग कर दिया और अपनी पैतृक भूमि पर आर्य विद्यार्थी आश्रम की स्थापना की और निर्धन विद्यार्थियों के अध्ययन की व्यवस्था करके आयुर्वेदिक औषधालय, गोशाला और उपदेशक विद्यालय का संचालन करने लगे। 1939 में निजाम हैदराबाद ने अपने राज्य में वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार पर प्रतिबंध लगा दिया, अनेक हिंदू मंदिर गिरा दिए गए और मंदिरों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। आर्य समाज ने हिंदू समाज की इस पीड़ा को अपनी पीड़ा मानकर उसका निवारण करने की ठानी और आर्य समाज के नेतृत्व में हैदराबाद सत्याग्रह आरंभ कर दिया। आपने क्षेत्र में घूम-घूम कर हैदराबाद सत्याग्रह के लिए लोगों को तैयार किया और दिल्ली से बहुत बड़ा जत्था लेकर आप हैदराबाद पहुंचे। आपको सत्याग्रहियों का नेता मानकर नवाब की ओर से 1 वर्ष 4 मास की सजा सुनाई गई और नलदुर्ग जेल में मिट्टी, सीमेंट आदि मिलाकर खाना दिए जाने से आपका स्वास्थ्य खराब हो गया जिससे 35 पौंड वजन घट गया। अंत में आर्य समाज के अनेक नेताओं के बलिदान और संघर्ष के कारण आर्य समाज की जीत हुई और निजाम हैदराबाद को हार स्वीकार करनी पड़ी। आप सच्चे मायने में आर्य समाज के वटवृक्ष थे। आपके सानिध्य में अनेक संस्थाएं फलीं फूली हैं। आप पूरे विश्व की आर्य समाजों के संगठन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान, हरियाणा प्रांत की आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान, पूरे भारत के संन्यासियों के संगठन वैदिक यतिमंडल के कार्यकारी प्रधान, महर्षि दयानंद द्वारा बनाई गई परोपकारिणी सभा अजमेर के कार्यकारी प्रधान, अखिल भारतीय इतिहास परिषद भारत सरकार के परामर्शदाता तथा गुरुकुल झज्जर और कन्या गुरुकुल नरेला के कुलपति रहे। आपने संन्यासियों, समाजसेवियों और राजनेताओं की इतनी बड़ी फौज तैयार की है जो आर्य विचारधारा का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। आप द्वारा की गई समाज सेवा के प्रति पूरा समाज सदा ऋणी रहेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)



शहीद दिवस
योगेश कुमार गोयल

# युवाओं को प्रेरणा देते शहीदों के विचार

भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव भारत माता के ऐसे सच्चे सपूत थे, जिन्होंने देशप्रेम और देशभक्ति को अपने प्राणों से भी ज्यादा महत्व दिया और देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। भगत सिंह कहा करते थे कि एक सच्चा बलिदानी वही है, जो जरूरत पड़ने पर सब कुछ त्याग दे। ब्रिटिश हुकूमत को उखाड़ फेंकने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले इन तीनों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को देश सदैव याद रखेगा। वतन के लिए त्याग और बलिदान इनके लिए सर्वोपरि रहा। इनके विचार आज भी देश के करोड़ों युवाओं का मार्गदर्शन करते हैं।

भारत के वीर सपूतों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रतिवर्ष 23 मार्च को शहीद दिवस अथवा सर्वोदय दिवस मनाया जाता है, जो प्रत्येक भारतवासी को गौरव का अनुभव कराता है। देश की आजादी के ये तीनों स्वतंत्रता सेनानी इसी दिन हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए थे और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत सरकार द्वारा इस दिन को 'शहीद दिवस' घोषित किया गया। हालांकि अंग्रेजों से भारत को आजाद कराने के लिए स्वतंत्रता आंदोलन में अनेक वीर सपूतों ने अपने प्राण न्यौछावर किए और उनमें से बहुतों के बलिदान को प्रतिवर्ष किसी न किसी अवसर पर स्मरण भी किया जाता है। यह वही दिन है, जब अंग्रेजों से भारत की आजादी के लिए लड़े भारत मां के वीर सपूतों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजों ने ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जॉन सॉन्डर्स की हत्या के आरोप में फांसी पर लटका दिया था। हालांकि पहले इनको 24 मार्च 1931 को फांसी दी जानी थी, लेकिन इनके बुलंद हौसलों से भयभीत ब्रिटिश सरकार ने जन आन्दोलन को कुचलने के लिए उन्हें एक दिन पहले 23 मार्च 1931 को ही फांसी दे दी थी।

भगत सिंह जब पांच साल के थे, तब एक दिन अपने पिता के साथ खेत में गए और वहां कुछ तिनके चुनकर जमीन में गाड़ने लगे। पिता ने उनसे पूछा कि यह क्या कर रहे हो तो मासूमियत से भगत सिंह ने जवाब दिया कि मैं खेत में बंदूकें बो रहा हूं। जब ये उगकर बहुत सारी बंदूकें बन जाएंगी, तब इनका उपयोग अंग्रेजों के खिलाफ करेंगे। शहीदे आजम भगत सिंह ने स्वतंत्रता सेनानी चन्द्रशेखर आजाद से अपनी पहली मुलाकात के समय ही जलती मोमबती की लौ पर हाथ रखकर कसम खाई थी कि उनका समस्त जीवन वतन पर ही कुर्बान होगा। 28 सितम्बर 1907 को जन्मे भगत सिंह ने अपने 23 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में वैचारिक क्रांति की ऐसी मशाल जलाई थी, जिससे आज के दौर में भी युवा काफी प्रभावित हैं। क्रांतिकारियों राजगुरु और सुखदेव का नाम हालांकि सदैव शहीदे आजम भगत सिंह के बाद ही आता है, लेकिन भगत सिंह का नाम आजादी के इन दोनों महान क्रांतिकारियों के बगैर अधूरा है, क्योंकि इनका योगदान भी भगत सिंह से किसी भी मायने में कम नहीं था। तीनों की विचारधारा एक ही थी, इसीलिए तीनों की मित्रता बेहद मजबूत थी। भगतसिंह और सुखदेव के परिवार लायलपुर में आसपास ही रहते थे और दोनों परिवारों में गहरी दोस्ती थी। 15 मई 1907 को पंजाब के लायलपुर में जन्मे सुखदेव भगतसिंह की ही तरह बचपन से आजादी का सपना पाले हुए थे। भगत सिंह, कामरेड रामचन्द्र और भगवती चरण बोहरा के साथ मिलकर उन्होंने लाहौर में नौजवान भारत सभा का गठन कर सॉन्डर्स हत्याकांड में भगतसिंह तथा राजगुरु का साथ दिया था। 24 अगस्त 1908 को पुणे के खेड़ा में जन्मे राजगुरु छत्रपति शिवाजी की छापामार शैली के प्रशंसक थे और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के विचारों से काफी प्रभावित थे। अच्छे निशानेबाज रहे राजगुरु का रुझान जीवन के शुरूआती दिनों से ही क्रांतिकारी गतिविधियों की तरफ होने लगा था। वाराणसी में उनका सम्पर्क क्रांतिकारियों से हुआ



और वे हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी से जुड़ गए। आजाद, भगत सिंह और जतिन दास राजगुरु के अभिन्न मित्र थे।

पुलिस के बर्बर लाठीचार्ज के कारण स्वतंत्रता संग्राम के दिग्गज नेता लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने के लिए राजगुरु ने 19 दिसम्बर 1928 को भगत सिंह के साथ मिलकर लाहौर में जॉन सॉन्डर्स को गोली मारकर स्वयं को गिरफ्तार करा दिया था और भगत सिंह वेश बदलकर कलकत्ता निकल गए थे, जहां उन्होंने बम बनाने की विधि सीखी। भगत सिंह बिना कोई खून-खराबा किए ब्रिटिश शासन तक अपनी आवाज पहुंचाना चाहते थे, लेकिन तीनों क्रांतिकारियों को अब यकीन हो गया था कि पराधीन भारत की बेड़ियां केवल अहिंसा की नीतियों से नहीं काटी जा सकती, इसीलिए उन्होंने अंग्रेजों की मजदूरों के प्रति शोषण की नीतियों के पारित होने के खिलाफ विरोध प्रकट करने के लिए लाहौर की केन्द्रीय असेम्बली में बम फेंकने की योजना बनाई। 1929 में चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में 'पब्लिक सेफ्टी' और 'ट्रेड डिस्प्यूट बिल' के विरोध में सेंट्रल असेंबली में बम फेंकने के लिए 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी' की पहली बैठक हुई। योजनाबद्ध तरीके से भगत सिंह ने 8 अप्रैल 1929 को बटुकेश्वर दत्त के साथ केन्द्रीय असेंबली में एक खाली स्थान पर बम फेंका, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि वे चाहते तो भाग सकते थे लेकिन भगत सिंह का मानना था कि गिरफ्तार होकर वे बेहतर ढंग से अपना संदेश दुनिया के सामने रख पाएंगे। असेंबली में फेंके गए बम के साथ कुछ पर्चे भी फेंके गए थे, जिनमें भगत सिंह ने लिखा था, 'आदमी को मारा जा सकता है, उसके विचारों को नहीं। बड़े साम्राज्यों का पतन हो जाता है, लेकिन विचार हमेशा जीवित रहते हैं और बहरे हो चुके लोगों को सुनाने के लिए ऊंची आवाज जरूरी है।' हालांकि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन पुलिस ने तीनों को जॉन सॉन्डर्स की हत्या के लिए आरोपित किया। गिरफ्तारी के बाद सॉन्डर्स की हत्या में शामिल होने के आरोप में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव पर देशद्रोह तथा हत्या का मुकद्दमा चलाया गया और उन्हें मौत की सजा सुनाई। इसी मामले को बाद में 'लाहौर षड्यंत्र केस' के नाम से जाना गया। भगत सिंह और उनके साथियों ने 64 दिनों तक भूख हड़ताल की। 23 मार्च 1931 की शाम करीब 7.33 बजे भारत मां के इन तीनों महान वीर सपूतों को फांसी दे दी गई।

फांसी पर चढ़ने से कुछ समय पहले भगत सिंह एक मार्क्सवादी पुस्तक पढ़ रहे थे, राजगुरु वेद मंत्रों का गान कर रहे थे जबकि सुखदेव कोई क्रांतिकारी गीत गुनगुना रहे थे। फांसी के तख्ते पर चढ़कर तीनों ने फंदे को चूमा और अपने ही हाथों फंदा अपने गले में डाल लिया। जेल वार्डन ने यह दृश्य देखकर कहा था कि इन युवकों के दिमाग बिगड़े हुए हैं और ये पागल हैं। इस पर सुखदेव ने गुनगुनाते हुए कहा, 'इन बिगड़े दिमागों में घनी खुशबू के लच्छे हैं। हमें पागल ही रहने दो, हम पागल ही अच्छे हैं।' भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव भारत माता के ऐसे सच्चे सपूत थे, जिन्होंने देशप्रेम और देशभक्ति को अपने प्राणों से भी ज्यादा महत्व दिया और देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। भगत सिंह कहा करते थे कि एक सच्चा बलिदानी वही है, जो जरूरत पड़ने पर सब कुछ त्याग दे। ब्रिटिश हुकूमत को उखाड़ फेंकने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले इन तीनों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को देश सदैव याद रखेगा। वतन के लिए त्याग और बलिदान इनके लिए सर्वोपरि रहा। इनके विचार आज भी देश के करोड़ों युवाओं का मार्गदर्शन करते हैं। इन महान क्रांतिकारियों के जीवन से हमें शिक्षा मिलती है कि देश की आन, बान और शान के खिलाफ कोई ताकत खड़ी होती है तो हमें ताकत के अलावा वैचारिक रूप से भी उसे कुचलने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित
दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।

## हे श्री कृष्णा! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है। आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**पुरुषों के क्षेत्र में अब महिलाओं का एकाधिकार**

भारत मे हर क्षेत्र में मर्दों की दुनिया मानी जाती थी। लेकिन अब मर्दों का एकाधिकार टूट रहा है। महिलाओ ने अब सम्भव किया है। चाहे वह बैंकिग क्षेत्र हो या होटल क्षेत्र, अस्पताल बनाने का मामला हो या दोपहिया वाहन या ट्रैक्टर का उत्पादन हो महिलाओ की भागीदारी बढ़ी है। ऊर्जा और पर्यावरण इंजीनियरिंग और जैव प्रोद्योगिकी जैसी विशेषज्ञता के क्षेत्र में हर तरह के उद्योग जगत में महिलाएं अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की इस राष्ट्रव्यापी मुहिम ने महिलाओ को समाज में एक मुकाम दिया है। महिलाए उद्योग चला रही है। वे अपने पारिवारिक व्यवसाय को आगे बढ़ा रही है। **-कांतिलाल मांडोत**, सूरत

### करंट अफेयर

## नूई की सलाह, अमेरिका में भारतीय छात्र सतर्क रहें



अमेरिका में भारतीय छात्रों से जुड़ी दुखद और चिंताजनक घटनाओं के बीच पेप्सिको की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) इंदिरा नूई ने उन्हें (विद्यार्थियों को) 'सतर्क' रहने एवं स्थानीय कानूनों का सम्मान करने की सलाह दी तथा उनसे अपनी सुरक्षा की खातिर यहां नशा या अत्यधिक शराब के सेवन से बचने का आग्रह किया। दुनियाभर में सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली उद्यमियों में से एक मानी जानी वाली नूई ने अमेरिका आ रहे भारतीय विद्यार्थियों को सुरक्षित व सतर्क रहने तथा परेशानी में डालने वाली गतिविधियों से बचने की सलाह देते हुए 10 मिनट से अधिक लंबी वीडियो जारी की है। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर यह वीडियो पोस्ट किया। नूई (68) ने वीडियो में कहा, 'मेरी यह वीडियो रिकॉर्ड करने की वजह आप सभी युवाओं से बात करना है, जो अमेरिका आने के बारे में सोच रहे हैं या पढ़ाई के सिलसिले में पहले ही यहां आ चुके हैं, क्योंकि मैं भारतीय छात्रों के दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियों में फंसने की कई घटनाओं से संबंधित खबरें पढ़ तथा सुन रही हूं।' उन्होंने कहा, 'यह आपको सुनिश्चित करना है कि आप सुरक्षित रहने के लिए क्या करें...कानून के दायरे में रहें, रात को अकेले सुनसान जगहों पर न जाएं, कृपया नशा या अत्यधिक शराब पीने से बचें।

### ऑफ बीट

## रूस-चीन ने गाजा में युद्धविराम के अमेरिकी प्रस्ताव पर वीटो किया



रूस और चीन ने गाजा में तत्काल युद्धविराम संबंधी एक अमेरिकी प्रस्ताव पर वीटो कर दिया। इस प्रस्ताव के तहत गाजा में नागरिकों की सुरक्षा और भुखमरी का सामना कर रहे 20 लाख से अधिक फलस्तीनी लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए गाजा में इजराइल-हमास युद्ध को तत्काल रोके जाने का आह्वान किया गया था। पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में हुए मतदान के दौरान 11 सदस्यों ने इसके पक्ष में और तीन ने विरोध में वोट किया और एक सदस्य अनुपस्थित रहा। मतदान से पहले, रूस के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने कहा कि रूस तत्काल संघर्ष विराम का समर्थन करता है, लेकिन उन्होंने प्रस्ताव की भाषा पर सवाल उठाया। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड पर 'राजनीतिक' कारणों से ''अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करने" का आरोप लगाया। इससे पहले, अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा था कि उन्हें उम्मीद हैं कि एक नये मसौदा प्रस्ताव को 15 सदस्यीय परिषद द्वारा शुक्रवार को मंजूरी दे दी जाएगी।

### ट्रेंड

**बिहार के वासियों को शुभकामनाएं**



संस्कृति, सभ्यता, संस्कार और समृद्ध परंपराओं की भूमि बिहार के स्थापना दिवस पर सभी बिहार वासियों को शुभकामनाएं। भगवान बुद्ध और महावीर की तपोस्थली, बिहार ने अपने ज्ञान और अध्यात्म के प्रकाश से पूरे विश्व को आलोकित किया है।
-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

**पीढ़ी का भविष्य खतरे में**



गाजा में एक पूरी पीढ़ी का भविष्य गंभीर खतरे में है। वस्तुतः सभी परिवार पहले से ही हर दिन भोजन छोड़ रहे हैं। एक बार फिर, हम पूछते हैं-इज़राइल अधिक क्रॉसिंग खोलेगा और मानवीय सहायता के प्रवेश और वितरण में तेजी लाएगा
-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

**आम बात हो गई**



डरा हुआ तानाशाह, मरा हुआ लोकतंत्र बनाना चाहता है। मीडिया समेत सभी संस्थाओं पर कब्ज़ा, पार्टियों को तोड़ना, मुख्य विपक्षी दल का अकाउंट फ्रीज करना भी कम था, तो अब चुने हुए मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी भी आम बात हो गई है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

**नस्लवाद गलत**



यह सभ्यता-विरोधी जागृत मानसिकता वाले वायरस से मौत की लड़ाई है। मेरी स्थिति मध्यमार्गी है- सुरक्षित सीमाएं, सुरक्षित एवं स्वच्छ शहर, खर्च के मामले में अमेरिका को दिवालिया मत बनाइए, किसी भी जाति के खिलाफ नस्लवाद गलत है।
-एलोन मस्क, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



**लोकसभा का रण** | **1951 में पहले लोकसभा चुनाव में 53 राजनीतिक दलों ने लिया था भाग**

# पहले आम चुनाव में 14 राष्ट्रीय दलों ने उतारे उम्मीदवार, आज बचे केवल 6

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में चुनावी माहौल है। 19 अप्रैल से लेकर 1 जून के बीच देशभर में सात चरणों में चुनाव कराए जाने हैं। पहले चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। तमाम पार्टियों ने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। इस बीच, चुनाव आयोग ने भारत में चुनावों के इतिहास से जुड़ी एक पुस्तक 'लीप ऑफ फेथ' प्रकाशित की है। इस पुस्तक से कई दिलचस्प तथ्य निकलकर सामने आए हैं। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड के अनुसार, 1951 में पहले लोकसभा चुनाव में 53 राजनीतिक दलों ने भाग लिया था। आज राजनीतिक दलों की संख्या 2,500 से अधिक है। हालांकि, सात दशक से अधिक समय में राष्ट्रीय दलों की संख्या 14 से घटकर छह रह गई है।

## पहले चुनाव में 29 राजनीतिक दलों ने मांगा था राष्ट्रीय दल का दर्जा

- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 364 सीटों पर जीत और 45% वोट के साथ प्रचंड बहुमत मिला था।
- कुल 16 सीट जीतने वाली भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मुख्य विपक्ष बनी थी। पंडित जवाहर लाल नेहरू देश के पह ले चुने गए प्रधानमंत्री बने।




### कौन से होते हैं राष्ट्रीय दल

राष्ट्रीय दल बनने के लिए किसी राजनीतिक पार्टी को तीन शर्तों में से किसी एक पर खरा उतरना चाहिए। पहली शर्त है कि पार्टी कम से कम तीन अलग-अलग राज्यों से लोकसभा की कुल सीटों में से कम से कम दो प्रतिशत सीटें जीते। या दूसरी शर्त है कि पार्टी लोकसभा सीटों के अलावा चार राज्यों में कम से कम छह प्रतिशत वोट प्राप्त करे। तीसरी शर्त है कि राजनीतिक दल चार राज्यों में राज्य स्तरीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।

### राष्ट्रीय दल होने का फायदा

राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा यह सुनिश्चित करता है कि पार्टी का चुनाव चिह्न देशभर में उसके उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। उसे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कार्यालय के लिए जमीन मिलती है। देश में फिलहाल छह राष्ट्रीय पार्टियां हैं। ये दल हैं- भाजपा, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, सीपीआई (एम), नेशनल पीपुल्स पार्टी और आप।

### पहले चुनाव में यह थी स्थिति

1951-52 में देश के पहले आम चुनाव हुए थे। पहले चुनाव में कुल 53 राजनीतिक दलों ने भाग लिया था। इनमें से 14 'राष्ट्रीय दल' (नेशनल पार्टी) थे जबकि शेष को 'राज्य दल' (स्टेट पार्टी) माना गया। इन चुनावों से पहले 29 राजनीतिक दलों ने राष्ट्रीय दल का दर्जा मांगा था। लेकिन केवल 14 को ही राष्ट्रीय दर्जा देने का निर्णय लिया गया।

## 53 राजनीतिक दल, 489 सीटें, 1874 उम्मीदवार...25 अक्टूबर 1951 और 21 फरवरी 1952 के बीच वोटिंग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आजाद भारत के पहले आम चुनाव 25 अक्टूबर 1951 और 21 फरवरी 1952 के बीच हुए। यह बहुत बड़ा आयोजन था जिसमें दुनिया की आबादी का करीब 17 फीसदी हिस्सा मतदान करने वाला था। यह उस समय का सबसे बड़ा चुनाव था। चुनाव में करीब 1874 उम्मीदवार और 53 राजनीतिक पार्टियां उतरी थीं, जिनमें 14 राष्ट्रीय पार्टियां थीं। इनमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, सोशलिस्ट पार्टी, किसान मजदूर प्रजा पार्टी और अखिल भारतीय हिन्दू महासभा सहित कई पार्टियां शामिल थीं। इन पार्टियों ने 489 सीटों पर चुनाव लड़े थे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 364 सीटों पर जीत और 45% वोट के साथ प्रचंड बहुमत मिला था। कुल 16 सीट जीतने वाली भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मुख्य विपक्ष बनी थी। पंडित जवाहर लाल नेहरू आजाद भारत के लोकतांत्रिक रूप से चुने गए पहले प्रधानमंत्री बने।


### ऐसे साल दर साल घटती चली गई राष्ट्रीय पार्टियों की संख्या

- 1957 में दूसरे चुनाव में राजनीतिक दलों की संख्या घटकर 15 रह गई। इस चुनाव में चार राष्ट्रीय दल मैदान में रहे। 1962 में अगले चुनाव में 27 दलों ने चुनाव लड़ा।
- समाजवादी (एसओसी) और स्वतंत्र (एसडब्ल्यूए) दलों के चुनाव लड़ने के साथ राष्ट्रीय दलों की संख्या चार से बढ़कर छह हो गई। अब तक सबसे कम चुनाव लड़ने वाली पार्टियां 1992 के लोकसभा चुनावों में थीं। इस चुनाव में सात राष्ट्रीय पार्टियों भाजपा, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, जनता दल, जनता पार्टी और लोक दल ने हिस्सा लिया था ।
- ईसीआई की रिपोर्ट के अनुसार, 1996 के आम चुनावों में 209 राजनीतिक दलों ने भाग लिया था। इनमें से कांग्रेस (आईएनसी), अखिल इंदिरा कांग्रेस (तिवारी), भाजपा, सीपीआई, सीपीएम, जनता दल, जनता पार्टी और समता पार्टी जैसे आठ राष्ट्रीय दल शामिल थे।
- 1998 के चुनावों में भाग लेने वाले राजनीतिक दलों की संख्या 176 थी। इनमें कांग्रेस, भाजपा, बसपा, जनता दल, सीपीआई, सीपीएम और समता पार्टी जैसे सात राष्ट्रीय दल शामिल थे।
- 1999 में सात राष्ट्रीय दलों सहित 160 राजनीतिक दल चुनाव मैदान में थे। चुनाव में भाग लेने वाली राष्ट्रीय पार्टियों में भाजपा, कांग्रेस, बसपा, सीपीआई, सीपीएम, जनता दल (सेक्युलर) और जनता दल (यूनाइटेड) शामिल थीं।

### 2019 में सात राष्ट्रीय दलों ने भाग लिया

2019 के चुनावों में सात राष्ट्रीय दलों समेत कुल 674 दलों ने चुनाव लड़ा था। चुनाव लड़ने वाले राष्ट्रीय दलों में भाजपा, कांग्रेस, बसपा, सीपीआई, सीपीआई (एम), एनसीपी और टीएमसी थे। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने अपना राष्ट्रीय दल का दर्जा खो दिया।

## भाजपा की चौथी लिस्ट जारी तमिलनाडु के 14 नाम घोषित




**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को लोकसभा उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की। तमिलनाडु की 14 सीटों पर कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान किया है। वहीं पुडुचेरी की एक सीट पर राज्य के गृहमंत्री नमस्सिवायम को मौका दिया गया है। इससे पहले तीसरी लिस्ट में तमिलनाडु के 9 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान हुआ है। तेलंगाना की राज्यपाल रहीं तमिलिसाई सुंदरराजन को चेन्नई साउथ से टिकट दिया गया है। राज्य के भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई को कोयंबटूर और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन को नीलगिरि से उतारा गया है। तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीटें हैं, इनमें से भाजपा ने 10 पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) को दी हैं। इस तरह राज्य में 6 सीटों पर कैंडिडेट्स का ऐलान बाकी है। इसके अलावा गुरुवार को बीजेपी ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए तेजु सीट से मोहेश चाई को उम्मीदवार घोषित किया। उधर, ओडिशा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने बताया कि ओडिशा में भाजपा लोकसभा की 21 और 147 सीटों पर विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी।

### 15 में दो महिला उम्मीदवारों पर खेला दांव

पुडुचेरी से बीजेपी ने ए.नमस्सिवयम को मौका दिया है, जबकि तमिलनाडु में तिरुवल्लुर (एससी) से पॉन.वी.बालगनपति, चेन्नई नॉर्थ से आर.सी पॉल कनगराज, तिरुवन्नामलाई से ए अश्वथमन, नमक्कल से केपी रामालिंगम, तिरुप्पुर से ए.पी.मुरुगनंदम, पोल्लची से के.वसंतराजन, करूर से वीवी सेंथिलनाथन, चिदंबरम (एससी) से पी कार्तियियिनी, नागपत्तिनम (एससी) से एसजीएम रमेश, थंजुवर से एम मुरुगनंदनम, शिवगंगा से डॉ.देवनाथन यादव, मदुरै से प्रोफेसर रामा श्रीनिवासन, विरुधुनगर से राधिका सरथकुमार और तेनकासि (एससी) से बी.जॉन पांडियन को टिकट दिया है।

**कांग्रेस को बड़ा झटका**

## राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने दिया इस्तीफा



**अहमदाबाद (भाषा)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने "अपमान" और "चरित्र हनन" का हवाला देते हुए शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और अन्य सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका है। कांग्रेस ने रोहन को अहमदाबाद पूर्व लोकसभा सीट से टिकट दिया था लेकिन उन्होंने अपने पिता की खराब सेहत का हवाला देते हुए गत सोमवार को अपना नाम वापस ले लिया था। रोहन ने पत्र में कहा, "मुझे आपको यह बताते हुए दुख हो रहा है कि पिछले दो साल से पार्टी के संचार विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ नेता द्वारा लगातार अपमान और चरित्र हनन (जिससे पार्टी के कई वरिष्ठ नेता अवगत हैं) तथा अब निजी संकट के वक्त ने मुझे यह फैसला लेने के लिए विवश कर दिया है।"

**सीपीआई का बड़ा ऐलान**

## बेगूसराय से कन्हैया नहीं होंगे उम्मीदवार



**पटना।** 2019 में बेगूसराय से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले कन्हैया कुमार का इंडी गठबंधन (बिहार में महागठबंधन) से टिकट कट गया है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने बेगूराय सीट पर अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी। सीपीआई ने पूर्व विधायक अवधेश कुमार राय को उम्मीदवार बनाया है। सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने इसकी घोषणा कर दी है। पटना में शुक्रवार को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद से हरी झंडी मिलने के बाद ही सीपीआई ने इस सीट से प्रत्याशी के नाम का एलान किया। सीपीआई के महासचिव डी राजा ने कहा कि हमारी पार्टी के वरीय नेता और पूर्व विधायक अवधेश कुमार राय बेगूसराय से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

### ...चुनावी मैदान में गुगली मारने की तैयारी



**मुर्शिदाबाद।** पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार पूर्व क्रिकेटर युसूफ पठान ने मुर्शिदाबाद से नामांकन पत्र भरा।

## मल्लिकार्जुन खरगे की सीट से उनके दामाद डोड्डामणि उम्मीदवार



कांग्रेस ने गुरुवार को लोकसभा उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की, जिससे यह काफी हद तक साफ हो गया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे चुनाव नहीं लड़ेंगे।सूची में कांग्रेस ने खरगे की पारंपरिक सीट गुलबर्गा से उनके दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि को चुनाव मैदान में उतारा है। खरगे 2009 और 2014 में गुलबर्गा से लोकसभा पहुंचे थे। हालांकि, 2019 में खरगे हार गए थे। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने सफाई दी और कहा कि खरगे के पास कई जिम्मेदारियां हैं।

**भाजपा अकेले लड़ेगी चुनाव**

## ओडिशा में बीजू जनता दल से नहीं बनी समझौता की बात



**भुवनेश्वर/ नई दिल्ली।** ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी और बीजू जनता दल के बीच विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के लिए सीटों पर समझौता नहीं हो पाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन समाल ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा इस बार लोकसभा की सभी 21 सीटों और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और बीजेडी के बीच सीटों पर समझौते की बात चल रही थी और दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन को लेकर लगातार अटकलें चल रही थी, लेकिन शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष के बयान के बाद यह साफ हो गया है कि ओडिशा में भाजपा और भाजपा के बीच सीटों का समझौता नहीं हो रहा है।

- पटनायक के नेतृत्व में बीजेडी मोदी सरकार की मददगार
- प्रदेश अध्यक्ष समाल ने उनका आभार भी व्यक्त किया

### प्रदेशाध्यक्ष समाल बोले-हम विकसित ओडिशा बनाएंगे

उन्होंने कहा कि अनुभव में आया है कि देशभर में जहां भी डबल इंजन की सरकार रही है, वहां विकास व गरीब कल्याण के कार्यों में तेजी आई है और राज्य हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं, समाल ने कहा कि ओडिशा-अस्मिता, ओडिशा गौरव और ओडिशा के लोगों के हित से जुड़े अनेकों विषयों पर हमारी चिंताएं हैं। हम विकसित ओडिशा बनाएंगे।

**अन्नाद्रमुक का घोषणापत्र जारी**

## परिवारों की महिला मुखियाओं को 3,000 रुपये देने का वादा



**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु में विपक्षी दल अखिल भारतीय द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें उन्होंने देश भर में आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों की महिला मुखियाओं को हर महीने 3,000 रुपये की वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने का वादा किया है। पार्टी महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी द्वारा यहां जारी घोषणापत्र में कहा गया है कि पार्टी केंद्र सरकार से देश में पिछड़े परिवारों की महिला मुखियाओं को हर महीने 3,000 रुपये की वित्तीय सहायता देने का अनुरोध करेगी।

### घोषणा पत्र में कुल 113 आश्वासन दिए

घोषणापत्र में मुख्यमंत्रियों के परामर्श से राज्यों के लिए राज्यपालों की नियुक्ति, 'नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट' (एनईईटी) के लिए एक वैकल्पिक परीक्षा, चेन्नई में उच्चतम न्यायालय की पीठ की स्थापना करने सहित 113 आश्वासन दिए गए हैं।

## शिंदे की शिवसेना से चुनाव लड़ेंगे गोविंदा



**मुंबई।** कयास लगाए जा रहे हैं कि गोविंद राजनीति में एंट्री कर सकते हैं। उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट के लिए गोविंदा का नाम चर्चा में है। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि गोविंदा एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हो सकते हैं. वो शिवसेना से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार गोविंदा जल्द ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदें की उपस्थिती में शिवसेना में प्रवेश कर सकते हैं। कुछ दिनों पहले अभिनेता गोविंदा ने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से वर्षा पर मुलाकात की थी। उत्तर पश्चिम सीट से महाविकास अघाड़ी से अमोल किर्तीकर के नाम को घोषणा ठाकरे ने की है। गजानन किर्तीकर की उम्र को ध्यान में रखते हुए उनकी जगह गोविंदा के नाम की चर्चा चल रही है।

**बिहार दिवस पर गृह मंत्री शाह ने दिया बड़ा संदेश**

# एनडीए सरकार करेगी राज्य में चहुंमुखी विकास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार आध्यात्म की भूमि है, बिहार ज्ञान की भूमि है, बिहार शौर्य, शक्ति और संस्कार की भूमि है। बिहार देश के राजनीति को दशा और दिशा देने की भूमि है। आज बिहारवासी बिहार दिवस मना रहे हैं। बिहार दिवस की शुरुआत सीएम नीतीश कुमार के कार्यकाल में शुरू हुई। इस बार बिहार दिवस को लेकर कोई राज्य स्तरीय कार्यक्रम नहीं होंगे लोकसभा चुना को लेकर बिहार में आचार संहिता लागू है। बिहार दिवस पर सभी जिलों में स्थानी प्रशासन के दिशा-निर्देश के अनुसार कार्यक्रम होंगे। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी बिहार दिवस की बधाई दी है।

### भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा और सम्राट चौधरी ने भी दी शुभकामनाएं

#### बिहार विद्वता, गौरवगाथाओं का केंद्र : शाह



गृह मंत्री शाह ने कहा कि बिहार के सभी बहनों-भाइयों को बिहार दिवस की अनंत शुभकामनाएं। बिहार विद्वता, वीरता व ऐतिहासिक गौरवगाथाओं का केंद्र रहा है। देशव्यापी परिवर्तनों, आंदोलनों और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों में मुखर भूमिका निभाने वाले इस प्रदेश के वासियों ने हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है। पीएम के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार के चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पित है।

#### बिहार ने सदैव राष्ट्र को दिशा व दृष्टि दीः नड्डा



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्कृति, शौर्य व ज्ञान की पुण्यधरा बिहार के स्थापना दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। अपने आध्यात्मिक विरासत व युगांतरकारी आंदोलनों से बिहार ने सदैव राष्ट्र को दिशा व दृष्टि प्रदान की है। राष्ट्र के उत्कर्ष में प्रदेश के प्रतिभासंपन्न व परिश्रमी भाइयों- बहनों का योगदान अमूल्य है।

#### बिहार ने दिया देश को स्वर्णिम काल सम्राट चौधरी

चौधरी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि बिहार मगध की धरती है। जिसने देश को स्वर्णिम काल देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बिहारी परिश्रम का काम करते हैं। बिहार ने देश को नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय दिया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार बढ़े, बिहार विकसित हो, बिहार की समृद्धि बढ़े इसी कामना के साथ बिहार दिवस की शुभकामनाएं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




# दोनों देशों ने कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए

# ऊर्जा, व्यापार, अंतरिक्ष और कृषि क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति

### भारत और भूटान के बीच दो प्रस्तावित रेल संपर्क का प्रावधान

### दोनों देशों के लोगों के बीच आत्मीयता द्विपक्षीय संबंधों को अनूठा बनाती है: मोदी

### भूटान को अगले पांच वर्षों में 10 हजार करोड़ की मदद करेगा भारत

भाषा ▸▸ थिंपू

भारत और भूटान ने शुक्रवार को ऊर्जा, व्यापार, डिजिटल संपर्क, अंतरिक्ष और कृषि के क्षेत्र में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए और दोनों देशों के बीच रेल संपर्क संबंधी समझौते को अंतिम रूप दिया। प्रधानमंत्री मोदी और उनके भूटानी समकक्ष शेरिंग टोबगे की मौजूदगी में यहां समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया।

मोदी ने यह भी घोषणा की कि नई दिल्ली अगले पांच वर्षों में थिंपू को 10,000 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और भूटान के लोगों के बीच आत्मीयता उनके द्विपक्षीय संबंधों को अनूठा बनाती है। उन्होंने कहा कि भारत, भूटान के लोगों के दिलों में बसता है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और ''नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, पर्यावरण और वानिकी तथा पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति बनाई। मोदी ने भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की और प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की। मोदी दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भूटान पहुंचे हैं।

## भव्य अभिनंदनः प्रधानमंत्री से मिले भारतीय समुदाय के लोग



प्रधानमंत्री मोदी का भूटान की राजधानी थिम्पू के एक होटल में विशेष स्वागत किया गया। इस दौरान भूटानी युवाओं और युवतियों ने गुजराती पारंपरिक पोशाक घाघरा-चोली पहनकर पीएम मोदी के लिखे गीत पर गुजराती लोक नृत्य गरबा की प्रस्तुति दी। मोदी ने भूटान में भारतीय प्रवासियों और भूटान के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर बातचीत भी की जो भूटान की राजधानी थिम्पू में होटल के बाहर उनका स्वागत करने के लिए एकत्रित हुए थे। मोदी ने होटल में अधिकारियों का भी अभिवादन स्वीकार किया। मोदी से मुलाकात पर भारतीय समुदाय के लोगों ने खुशी जताई और कहा कि मोदी से मिलकर उन्हें सम्मानित महसूस हुआ।



## भारत से भूटान तक चलेगी ट्रेन

भारतीय विदेश मंत्रालय ने यहां कहा कि इसके अलावा, दोनों पक्ष भारत और भूटान के बीच रेल संपर्क को लेकर ''सहमति जता चुके हैं और इस संबंध में एमओयू पर हस्ताक्षर कर चुके हैं''। बयान में कहा गया है कि समझौता ज्ञापन में भारत और भूटान के बीच दो प्रस्तावित रेल संपर्क का प्रावधान किया गया है, जिसमें कोकराझार-गेलेफू रेल संपर्क और बनारहाट-समत्से रेल संपर्क और उनके कार्यान्वयन के तौर-तरीके शामिल हैं। इसके अनुसार ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण उपायों के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन का उद्देश्य ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विकसित 'स्टार लेबलिंग' कार्यक्रम को बढ़ावा देकर घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने में भूटान की सहायता करना है। खेल और युवा मामलों के संबंध में सहयोग पर समझौता ज्ञापन से दोनों पक्षों की खेल एजेंसियों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने और खेल गतिविधियों/कार्यक्रमों के आयोजनों से भारत और भूटान के बीच लोगों से लोगों के संबंधों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। बयान के अनुसार औषधीय उत्पादों के संदर्भ मानकों, फार्माकोपिया, सतर्कता और परीक्षण को साझा करने से संबंधित सहयोग पर समझौता किया गया है। इसके अनुसार अंतरिक्ष सहयोग पर एक संयुक्त कार्य योजना (जेपीओए) कई कार्यक्रमों, प्रशिक्षण आदि के माध्यम से हमारे अंतरिक्ष सहयोग को और विकसित करने के लिए एक ठोस रूपरेखा प्रदान करती है।





10 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे-गुलाब, हरड़, बहेड़ा, आंवला, हल्दी, तुलसी, पुनरनवा, पुदीना, सुहागा इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा प्लस' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आंखों में होने वाली समस्याओं जैसे आंखों की थकान, आंखों का सूखापन, आंखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल बनाने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आंखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।



**HISSAR:** Diya Suzuki Ph: 9053033312, 9053033316, 9053033313 **ROHTAK:** Rohtak Suzuki Ph: 8059880026, 8059880009 **BHIWANI:** Bhivani Suzuki – Meham Road Ph: 8708468757, 8222881506 **FARIDABAD:** A-one Suzuki: NIT Ph: 9811084374, 8750300090, Saboori Suzuki: NIT Ph: 8810367728 **GURUGRAM:** Ashoka Suzuki: Subhash chowk Ph: 9643310131, 9050062709 ;Pacholi Suzuki: Rajiv Chowk 9625939890, 7835800098 Pacholi Suzuki: Railway Road: 7835800091, 7835800094 Paluck Suzuki: Sector- 14 Ph: 7290028968, 7290028970 **NARNAUL:** Sangeeta Suzuki Ph: 9812000060, 9812320000 **REWARI:** Bharat Suzuki, Ph: 9050017112, 9215044114